Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 119 | शुक्रवार, 02 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'इंच इंच भूमि से आतंकवाद को मिटा देंगे'

# गृह मंत्री अमित शाह बोले आतंकियों को चुन-चुनकर मारेंगे

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि आतंकवाद को जड़ समेत उखाड़ फेकेंगे। आतंकियों को चुन चुनकर मारेंगे। आतंक पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने कहा कि हमला करने वाले आतंकी नहीं बचेंगे। आतंकवाद के खात्मे तक ये लड़ाई जारी रहेगी। आतंकवाद को जड़ से नाश करेंगे। दरअसल, दिल्ली में बोडो आंदोलन के नेता उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की विरासत को सम्मानित करने के लिए सड़क और प्रतिमा के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का



उद्घाटन करने का अवसर मिला है। यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की मूर्ति न केवल बोडो समुदाय, बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती है।

### आतंक के खिलाफ लड़ाई यहीं खत्म नहीं होगी: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज मैं जनता से कहना चाहता हूं कि हम 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती से लड़ रहे हैं। आज वो (आतंकवादी) ये न सोचें कि उन्होंने हमारे नागरिकों की जान लेकर लड़ाई जीत ली है। मैं आतंक फैलाने वालों से कहना चाहता हूं कि ये लड़ाई खत्म नहीं हुई है, हर शख्स को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

## पाकिस्तान से तनाव के बीच राजनाथ सिंह ने की अमेरिकी रक्षा मंत्री से बात

**नई दिल्ली।**



पहलगाम हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत किसी भी वक्त उसपर हमला कर सकता है। वहीं, दूसरी तरफ भारत ने वैश्विक समुदाय को अपनी बात समझाने की पहल भी तेज कर दी है।

इस बीच भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से बात की है। दोनों के बीच पहलगाम मुद्दे पर बात हई। राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच हुई बातचीत की जानकारी रक्षा मंत्री का कार्यालय द्वारा दी गई। एक बयान में बताया गया कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की दुखद मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के मजबूत समर्थन को दोहराया। पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या के बाद देश में उपजे आक्रोश के बीच मंगलवार को प्रधानमंत्री ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस तथा तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ हुई शीर्षस्थ बैठक में मोदी ने सैन्य बलों को किसी भी तरह की कार्रवाई करने की हरी झंडी दे दी। भारतीय सेना अब कार्रवाई का समय और टारगेट अपने हिसाब से तय करेगी।

### दूसरी बड़ी हार के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर राजस्थान



**जयपुर।** लगातार छठी जीत के साथ मुंबई अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। 11 में सात मैच जीतकर उनके खाते में 14 अंक हैं और नेट रन रेट 1.274 हो गया है। वहीं, राजस्थान छह अंकों के साथ आठवें स्थान पर बनी हुई है। उनका नेट रन रेट -0.780 हो गया। कर्ण शर्मा और ट्रेंट बोल्ट की घातक गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को 117 रन पर समेट दिया। इसी के साथ रियान पराग की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई। उनसे पहले चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई थी। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में दो विकेट खोकर 217 रन बनाए थे।

### शेख हसीना और उनके सहयोगी को कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ दायर मुकदमे में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (कउळ) ने कड़ी कार्रवाई की है। अदालत ने अवमानना के एक मामले में हसीना और उनके सहयोगी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने उनके सहयोगी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## बलरामपुर सीमा के पास माओवादियों ने मचाया उत्पात, मुंशी को मारी गोली

**अंबिकापुर।**

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले की सीमा से सटे झारखंड के ओरसापाठ (लातेहार जिला) में माओवादियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी के मुंशी की गोली मारकर हत्या कर दी और दो वाहनों को जला दिया।

माना जा रहा है कि वारदात को लेवी वसूली के लिए दहशत फैलाने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया है।पुलिस के मुताबिक, माओवादी सबसे पहले ओरसापाठ से अंबाकोना तक निमार्णाधीन सड़क पर पहुंचे। यहां ग्रामीण कार्य विभाग के निर्माण स्थल पर खड़े वाहन से डीजल निकाला और एक्सीवेटर व ग्रेडर मशीन को आग लगा दी। इसके बाद डेढ़ किलोमीटर दूर ओरसा गांव पहुंचे। यहां पथ निर्माण विभाग 50 करोड़ की लागत से मेढ़ारी से ओरसापाठ तक सड़क बना रहा है।



## फेमा उल्लंघन के मामलों में तेज होगी कार्रवाई, ईडी निदेशक ने दिया सख्त संदेश

**नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन ने कहा है कि एजेंसी अब विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत कानून के उल्लंघन से जुड़े मामलों पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित करेगी तथा इस बाबत और तेजी से कार्रवाई करेगी। एजेंसी के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया



कि इस वर्ष ईडी जिस क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करने का इरादा रखता है, वह फेमा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा जांचे गए 1700 से अधिक धन शोधन मामले वर्तमान में सुनवाई के चरण में हैं और अदालतों में देरी के लिए देश में न्याय प्रणाली में सामान्य देरी को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। एजेंसी की भावी प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए निदेशक ने कहा कि ईडी को केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) द्वारा जारी किए गए विनियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए फेमा को लागू करने का काम सौंपा गया है।

### व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वॉल्ट्ज पद से हटाए जाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया। विदेश मंत्री मार्को रुबियो अंतरिम एनएसए के रूप में दोहरी जिम्मेदारी संभालेंगे। जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद से ट्रंप के करीबी लोगों में यह पहला बड़ा बदलाव होगा। वॉल्ट्ज के डिप्टी एलेक्स वोंग भी अपना पद छोड़ रहे हैं।

## ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के सामने जुटे भारतीय

**लंदन।**

लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के सामने गुरुवार को बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग जुटे। खालिस्तान समर्थकों और पाकिस्तानियों के प्रदर्शन के जवाब में भारतवंशियों ने भारत के समर्थन में एकजुटता का संदेश दिया। प्रवासी भारतीयों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। फ्रेंड्स आफ इंडिया सोसाइटी इंटरनेशनल (एफआइएसआइ) यूके ने कहा, यह प्रदर्शन खालिस्तान समर्थक विरोध प्रदर्शन के जवाब में किया गया। प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्य भारत की एकता और संप्रभुता के लिए अपना



समर्थन व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए। उन्होंने शांति का संदेश देने के लिए तिरंगा लहराते हुए 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' जैसे नारे लगाए।इससे पहले रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत और पाकिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था। भारतवंशियों ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर शुक्रवार को पाकिस्तान दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया था।

## ओवैसी बोले 'इस बार घर में घुसकर मारना नहीं, घर में बैठ जाना'



**नई दिल्ली।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश में एक बार फिर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को खुली छुट दे दी है और उन्हें अपने हिसाब से टारगेट सेट करने की छूट है।


वहीं मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर की कई चौकियां खाली कर दी है और अपने झंडे से पोस्ट से उतार लिए हैं। इस बीच हैदराबाद से सांसद और अकटकट के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई हो रही है, तो उसे ठोस और निर्णायक होना चाहिए।

### 'घर में घुस के बैठ जाओ'

ओवैसी ने कहा, स्बीजेपी कहती है 'घर में घुस के मारेंगे', तो अगर इस बार कार्रवाई कर रहे हैं, तो 'घर में घुस के बैठ जाना। ये संसद का प्रस्ताव है कि गुलाम कश्मीर हमारा हिस्सा है। अगर यह बात सरकार मानती है, तो फिर उसे जमीनी स्तर पर दिखना भी चाहिए।

## ट्रंप की दुनिया को चेतावनी

# बोले- ईरान से तेल खरीदने वालों पर लगेगा प्रतिबंध



**दुबई।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को धमकी दी कि ईरान से तेल या पेट्रोकैमिकल्स उत्पादों की सभी तरह की खरीद रुकनी चाहिए और अगर किसी देश या व्यक्ति ने खरीद की तो उस पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिए जाएंगे। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट में लिखा कि अगर किसी देश ने ईरान से खरीददारी की तो उन्हें किसी भी तरीके या प्रकार से अमेरिका के साथ व्यापार करने की अनुमति नहीं होगी। ट्रंप की यह धमकी ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर नियोजित वार्ता स्थगित होने के बाद आई है। चौथे दौर की यह वार्ता शनिवार को इटली की राजधानी रोम में होने वाली थी। अब अगले दौर की वार्ता अमेरिका के रुख पर निर्भर करेगी। ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका के विरोधाभासी रुख और भड़काऊ बयानों के चलते यह स्थिति पैदा हुई है। दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर रहे ओमान ने भी अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता स्थगित होने की पुष्टि की है।

## संपादक की कलम से

# जनगणना में जाति भी

पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसा तनाव पसरा है, लेकिन मोदी सरकार ने अचानक जाति जनगणना की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। यह निर्णय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति में लिया गया। उसे सुपर कैबिनेट करार दिया जाता है, क्योंकि उसकी बैठक कभी-कभार ही होती है। बहरहाल इस बार जब भी जनगणना होगी, तब सरकार घर-घर जाकर जाति भी पूछेगी, लिहाजा जातियों का नया संकलन तैयार होगा। देश की आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। 1931 में अंतिम जाति जनगणना कराई गई थी। आजादी के बाद 1951 और 61 में जनगणना तो कराई गई, लेकिन अनुसूचित जाति और जनजाति का ही डाटा सार्वजनिक किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का मानना था कि इससे जातीय विभाजन के हालात पैदा हो सकते हैं, नतीजतन राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। नेहरू सरकार ने जो जनगणना अधिनियम बनाया था, उसमें भी जाति जनगणना का उल्लेख नहीं था।




ललित शर्मा
संपादक

उसके बाद प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने जाति के मुद्दे पर पुरजोर विरोध किया। उस दौर में कांग्रेस का राजनीतिक और चुनावी नारा होता था-जात पर न पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर। प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तो ओबीसी के खिलाफ दो घंटे से अधिक समय का भाषण दिया था। बहरहाल अब बुनियादी मुद्दा और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का सवाल यह है कि जनगणना कब कराई जाएगी और जाति जनगणना का प्रारूप क्या होगा? दरअसल 1881 में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की पहली बार जनगणना कराई गई थी। उसके हर 10 साल के बाद यह क्रम जारी रहा। 1941 में भी जनगणना में जातीय गणना भी की गई, लेकिन उसका डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए-2 सरकार के दौरान 2011 में जनगणना का एक हिस्सा ही पूरा किया गया। करीब 25 करोड़ शहरी और ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना का सर्वे किया गया। 2012 के अंत तक डाटा मिला। 2013 तक प्रोसेसिंग नहीं हो पाई। 2014 में मोदी सरकार बनी। ग्रामीण भारत का डाटा तो जारी किया गया, लेकिन जाति को फिर छिपा कर रखा गया। अंततः 2018 में सरकार ने कहा कि डाटा में गलतियां हैं। फिर सर्वोच्च अदालत में भी यही बात कही। क्रम से 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी के कारण जनगणना टाल दी गई। उसके बाद भी चार साल निकल गए, लेकिन जनगणना की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की गई। अब सवाल है कि स्थापित क्रम के मद्देनजर क्या जनगणना 2031 में कराई जाएगी? जाहिर है कि जाति जनगणना भी तभी होगी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 2029 तक है। सरकार को महिला आरक्षण कानून भी लागू करना है। परिसीमन का काम भी पूरा होना है। इस साल के अंत में बिहार में चुनाव हैं। 2026 में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम सरीखे महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव हैं। 2027 में देश के सबसे बड़े राज्य उप्र में चुनाव हैं। जाति जनगणना इन चुनावों के दौरान पूरी नहीं हो सकती। बेशक भाजपा-एनडीए इस घोषणा से ही राजनीतिक लाभ उठा सकते हैं। लोकसभा चुनाव, 2024 के दौरान कांग्रेस, सपा, द्रमुक, राजद आदि दलों ने जाति जनगणना के मुद्दे को खूब उछाला। नारा दिया गया-जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

# जब नर्मदा निचुड़ कर सूख जाएगी, तब उसे कौन-सी नदी से जिंदा करोगे ?

मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा को जीवित इकाई होने का दर्जा देकर नर्मदा को जीते जी मारने पर आमादा है और यह विचार तक नहीं किया गया की अगर नर्मदा मर गई तो उसे किस नदी से जीवित किया जाएगा? मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी नदी के रूप में नर्मदा का विशिष्ट स्थान है किन्तु इंदौर जिले के उज्जैनी गाँव में 6 फरवरी 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान देश के कृषि मत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक विशाल आयोजन कर इस गाँव को प्रदेश की राजधानी की तरह सजा कर दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक अपने मंत्रिमंडल की बैठक सम्पन्न करते हुए नर्मदा को निचोड़ने की नादानी भरा निर्णय लेकर 432 करोड़ की नर्मदा शिप्रा परियोजना की आधारशिला रखी ताकि नर्मदा के जल से मालवांचल को जल संकट से मुक्त कर हरा भरा किया जा सके. मालवांचल नर्मदा जल से हरा भरा तो नही हो सका किन्तु पाँव पाँव वाले नर्मदा मैया के सपूत शिवराजसिंह चौहान की इस योजना के दुष्परिणाम की की कलई 1 मई 2025 को नर्मदापुरम के प्रेस फोटोग्राफर हितेश थुदगल के चित्रों ने खोल दी और जिसमें नर्मदा के निचुड़ कर सुख जाने के संकेत देखे जा सकते है. शिवराज सिंह ने जल संकट से घिरे सूबे के पश्चिमी अंचल मालवा को हरा-भरा बनाने का सपना दिखाया और उनका दावा था कि मालवा के सैकड़ों गांवों को रेगिस्तान बनने से बचाने के लिए उन्होंने नर्मदा को क्षिप्रा से जोड़कर शिप्रा को जीवनदान दिया है और शिप्रा के भरपूर जल से इस मालवा-निमाड़ अंचल के लोगों की सिंचाई, औद्योगिक और पेयजल जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा. शिवराजसिंह चौहान ने ग्यारह साल पहले 432 करोड़ रुपये की नर्मदा-शिप्रा लिंक परियोजना धरातल को आकर देते हुए दो नदियों के संगम से संपूर्ण मालवा-नर्मदा की भूमि समृद्ध करना थी और मालवा-निमाड़ अंचल में जल संकट सदा के लिए समाप्त करना था किन्तु मध्यप्रदेश शासन की यह योजना निष्प्राण न हो इसके लिए वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 20 मार्च 2025 को उज्जैन जिले के तराना में 2,489 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों की सौगात देते हुए नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना व अन्य विकास कार्यों का शुभारंभ किया ताकि नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से



क्षेत्र के 100 ग्रामों की 30,218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। डॉ मोहन यादव ने उज्जैन जिले की दो तहसीलों तराना, घट्टिया के कुल 83 ग्रामों की 27,490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले की एक तहसील शाजापुर विधानसभा क्षेत्र शाजापुर के कुल 17 ग्रामों की 2,728 हेक्टेयर भूमि सिंचित किये जाने हेतु नर्मदा को पूर्णरूपेण निचोड़ने की शुरूआत की है जो अब गर्मी आने से पूर्व नर्मदा को सूखते देखा जा सकता है। यह अलग बात है की पूर्व में 11 वर्ष शिवराजसिंह चोहान द्वारा चालू की इस परियोजना की कड़ी में आइआइटी इंदौर सिमरोल कैम्पस, इंदौर-पीथमपुर के उद्योगों सहित देवास नगर निगम एवं उज्जैन नगर निगम को मांग अनुरूप पानी मुहैया कराना शुरू किया। निर्धारित अवधि में आइआइटी इंदौर सिमरोल कैम्पस, उद्योगों ने तो देर-सवेर पानी का बिल चुकाना शुरू किया मगर देवास और उज्जैन नगर निगम ने पहल नहीं परिणाम स्वरूप देवास नगर निगम का पानी का बिल 400 करोड़ रुपये और उज्जैन नगर निगम का बिल 300 करोड़ रुपये से अधिक हो गया जिसकी वसूली न होने के कारण शासन को करोड़ों रुपये का घाटा हुआ. देश में नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से हर खेत तक पानी पहुंचाने का भागीरथी कार्य किया जाना मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है जिसमें केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी दो बहुउद्देशीय बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं को शामिल किया गया है जिसके चलते 20 मार्च 2025 को नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से नर्मदा का जल तराना तक लाया गया और लाखो लोगों को अमृत जल द्वारा नर्मदा के जल से उनके प्यासे कंठों की प्यास बुझाने की बजाय अब सुखी धरती, सूखे खेतों में पानी पहुंचा कर सोने जैसी फसलें लहलहाने का सपना दिखाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 2 हजार 489 करोड़ 65 लाख रुपए की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देश्य माइक्रो बहुउद्देशीय परियोजना को कार्यान्वित कर इस योजना के लागू होने से नर्मदा के सेहत पर क्या असर होगा इसकी चिंता नही की। नर्मदा का पानी सूखने की स्थिति में वहां के लोगों पर पड़ने वाले असर के आलावा नर्मदा के स्वास्थ्य को जल से हरा भरा करने के लिए किस नदी का सहारा लिया जाएगा इसकी बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नहीं की उलटे वे इस योजना से नर्मदा को महिमामंडित करते हुए प्रदेश को नदियों का मायका होने का गर्व कर यहां पर मौजदू 250 से अधिक नदियां की तारीफ कर उन नदियों के लुप्तप्राय इतिहास को विस्मृतकर मात्र अपनी सरकार की विभिन्न राज्यों के बीच चल रहे नदी विवादों को सुलझा कर नदी जोड़ो परियोजनाओं को मूर्त रूप दिए जाने पर बल देते है। यहाँ प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव भूल गए है की नदी जोड़ो परियोजना पर्यावरण के साथ साथ नदियों के स्वास्थ्य के लिए अनुचित है इससे जल संकट का स्थाई हल तो नहीं निकलेगा किन्तु भौगोलिक नजरिए से नर्मदा को क्षिप्रा से जोड़ना एकदम उल्टी कवायद है। इसमें इस्तेमाल तकनीक ही इतनी खचीर्ली साबित होने वाली है यह प्रदेश सरकार के सामने है जिसमे 432 करोड़ रुपए से शुरू हुई योजना पूरी भी नहीं हुई और अब सरकार के लिए यह योजना घाटे का सौदा बन गई जिसमें अब 2 हजार 57 करोड़ की अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ रही है जिसमें एक और सतपुड़ा पर्वतमाला की घाटियों में बहने वाली नर्मदा नदी है, वहीं क्षिप्रा मालवा के पठार पर स्थित है। योजना के मुताबिक क्षिप्रा को सदानीरा बनाए रखने के लिए उससे काफी नीचे स्थित नर्मदा के पानी को काफी ऊंचाई पर चढ़ाया और फिर उसे क्षिप्रा में डाला जाता रहेगा। इस ढंग से क्षिप्रा को चौबीस घंटे जिंदा रखने के लिए भारी मात्रा में नर्मदा का पानी डालते रहना अपने आप ही दशार्ता है कि यह योजना कितनी जटिल और खचीर्ली है। वहीं विशेषज्ञों का विश्लेषण हमें यह सोचने में मदद करता है कि राज्य सरकार की यह अनोखी तरकीब किस तरह से एक ऐसी नादानी है, जो राज्य की जनता के लिए बेहद महंगी साबित होने जा रही है। नर्मदा नदी को क्षिप्रा से जोड़ने के लिए कोई जमीन से बहाकर लाया तो नहीं जाएगा बल्कि इसके लिए मोटे मोटे और 100 किलोमीटर लम्बी दुरी की पाइप लाइन का प्रयोग किया जाएगा जिसमें नर्मदा के पानी को नर्मदा घाटी से मालवा के पठार तक ले जाने के लिए सात-आठ सौ मीटर की ऊंचाई तक पानी चढ़ाया होगा जबकि विशेषज्ञों के अनुसार नर्मदा नदी के बहाव को इस ऊंचाई तक खींचने के मामले में यह एक बहुत बड़ा फासला है, जिसे पाटने के लिए इस योजना में कई मेगावॉट बिजली इस्तेमाल की जाएगी। इसके लिए कम से कम पांच-छह जगहों पर पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, ताकि नर्मदा की धारा को अनवरत पठार तक पहुंचाने के लिए इन स्टेशनों को हमेशा चालू हालत रखना होगा। इस योजना के अंतर्गत हर दिन चार लाख 50 हजार घन मीटर पानी नर्मदा से क्षिप्रा में डालकर बहाया जाना है। इस पूरी कवायद में रोजाना किस हद तक कितनी बिजली फूंकी जाएगी, आगे जाकर बिजली की कीमत कितनी बढ़ेगी इसका आकलन नही किया जा सकता है और न ही प्रदेश सरकार ने इस बाबत अपनी कार्ययोजना को व्यक्त कर खर्चों का स्पष्टीकरण किया है और अधिकारी इस बाबत बात करने से कतराते है। आज नर्मदा सूखने की कगार पर आ गई कल वह प्रदेश की अन्य नदियों जिसमे क्षिप्रा सहित मालवा की तमाम नदियां शामिल है की भांति सूखने लगे तो क्या इन कारणों को जनता के समक्ष नहीं आने दिया जाएगा? क्षिप्रा के सूखने का मूल कारण में औद्योगीकरण के नाम पर जंगलों की सबसे ज्यादा कटाई होने से मानसून की चाल प्रभावित हुई और अल्प-कम वर्षा भी इन नदियों को पर्याप्त जीवन योग्य पानी ने दे सके तब इन नदियों को जिंदा करने के लिए उनके जलग्रहण क्षेत्र में सुधार लाने की जरूरत पूरी न किये जाने को कैसे विस्मृत किया जा सकता है।



ललिआत्माराम यादव पीव

## आतंकवाद का घिनौना रूप

मोनिका डागा

कविता



कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।


कसूरवार हो तुम क्यों ईर्ष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

# भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अधिष्ठाता, संस्कृत-संस्कृति के संवर्धक आद्यगुरु शंकराचार्य



सुशील कुमार 'नवीन'



भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अधिष्ठाता, संस्कृत और संस्कृति के संवर्धक राष्ट्रभक्त आद्यगुरु शंकराचार्य की शुक्रवार दो मई को जयंती है। उनका जन्म 788 ईस्वी में वैशाख माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को हुआ था। बाल्यकाल में ही उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा को प्रदर्शित कर दिया था। आठ वर्ष की उम्र में ही वे वेदों के ज्ञान में पारंगत हो चुके थे। संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए संपूर्ण भारत की यात्रा कर चारों दिशाओं में चार पीठों की स्थापना की। ये पीठ गोवर्धन पुरी (जगन्नाथ पुरी), श्रंगेरी (रामेश्वरम्), शारदा(द्वारिका) और ज्योतिर्मठ (बद्रीनाथ धाम) के नाम से हम सब जानते हैं। अद्वैत वेदांत दर्शन को स्थापित करने के साथ-साथ संस्कृत भाषा और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इनका जन्म स्थान केरल माना जाता है। पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। उनका मूल नाम शंकर था, लेकिन उन्हें श्रीशंकराचार्य के रूप में प्रसिद्धि मिली। पांच वर्ष की उम्र में यज्ञोपवीत संस्कार करवाकर कर उन्हें विद्याध्ययन हेतु भेजा गया। दो वर्ष में ही षडंग सहित वेदों का अध्ययन पूर्ण कर वे घर वापस आ गये। उसी समय उनके अंदर संन्यास लेने की इच्छा प्रबल हो उठी थी, पर माता ने उन्हें इसके लिए स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। शंकर मातृभक्त थे, इसलिए उनकी अनुमति के बिना वे सन्यास नहीं लेना चाहते थे। वो कहते हैं कि जो भाग्य में लिखा गया है वो सही समय पर होकर रहता है। जिस संन्यास के लिए शंकर की माता का स्पष्ट इनकार था, परिस्थिति ऐसी बनी कि उन्हें उसके लिए शंकर को अनुमति देनी पड़ी। बताते हैं कि एक दिन वे माता के साथ नदी तट पर गये, वहां स्नान करते समय एक ग्राह (मगरमच्छ) ने उनका पैर पकड़ लिया। वह उन्हें पानी में अंदर की तरफ खींचने लगा। ऐसी स्थिति में उनकी माता सहायता के लिये चिल्लाने लगीं। उसी समय उन्होंने माता से कहा 'यदि आप मुझे सन्यास लेने की आज्ञा दें तो यह ग्राह मुझे छोड़ देगा।' पुत्र मोह में माता ने फौरन हां कर दी। विधि का विधान देखिए माता के संन्यास की हामी भरते ही ग्राह ने उनका पैर छोड़ दिया। माता से अनुमति लेकर उन्होंने आठ वर्ष की अवस्था में गृह त्याग दिया। माता ने उनसे यह यह वचन अवश्य लिया कि उनके अंतिम समय में वे अवश्य उपस्थित होंगे। गृह त्यागने के बाद वे नर्मदा नदी के तट पर स्थित स्वामी गोविन्द भगवत्पाद के आश्रम में पहुंचे और उनसे दीक्षा ग्रहण की। बहुत कम समय में ही उन्होंने गुरू के सानिध्य में ज्ञान प्राप्त लिया। इनकी योग्यता से खुश होकर गुरू ने इन्हें काशी जाने एवं वेदान्त सूत्र पर भाष्य लिखने की आज्ञा दी। काशी आने पर उनकी ख्याति सर्वत्र फैलने लगी। लोग इनका शिष्यत्व ग्रहण करने लगे। इनके सर्वप्रथम शिष्य सनन्दन हुए, जो पद्मपादाचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए। बाल्यकाल से ही असाधारण विद्वत्ता को प्राप्त करने वाले शंकर ने भारतीय दर्शन और वेदांत के महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अध्ययन किया। खासकर अद्वैत वेदांत पर उनका विशेष ध्यान रहा। उन्होंने अपने जीवन के दौरान भारत के विभिन्न भागों का भ्रमण कर विविध धार्मिक वाद-विवादों में हिस्सा लिया। उन्होंने वेदांत के सिद्धांतों की व्याख्या की और अनेक शास्त्रीय ग्रन्थों की टीका तथा व्याख्या की। भारतीय साहित्य और धार्मिक संस्कृति को एक मजबूत आधार प्रदान करने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनकी मृत्यु के बाद उनके विचार और सिद्धांतों ने भारतीय धार्मिक और दार्शनिक परंपरा पर अत्यंत प्रभाव डाला। उनके द्वारा स्थापित वेदांत के सिद्धांत आज भी विश्वसनीय और महत्वपूर्ण माने जाते हैं। उनके द्वारा स्थापित अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों ने भारतीय समाज को एकता और एकात्मता की दिशा में अग्रसर किया। उनके अनुसार जगत में अनंतता की दिशा में सत्य एक है और सभी जीवों में एक ही आत्मा का आभास होता है। उन्होंने समाज में धार्मिक समरसता और सहयोग को प्रोत्साहित करने के साथ धर्म, भाषा, और क्षेत्रीय भेदों को दूर करने का भी संदेश दिया। वे सभी भारतीयों को एक सामान्य आधार पर जोड़कर राष्ट्रीय एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के पक्षधर थे। अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों के माध्यम से विभिन्न धार्मिक और जातिवादी भेदों का खंडन करने में भी वे पीछे नहीं रहे। उनका मुख्य सिद्धांत था कि ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है, और आत्मा ब्रह्म है। उनके द्वारा शिक्षित अनुयायियों ने भी भारतीय समाज में समरसता, सामंजस्य, और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया। उनके विचार और संदेश राष्ट्रीय एकता और समरसता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# मजदूर दिवस पर मध्यप्रदेश के पेंशनर्स के के मन के विचार

सरकारी विभाग अफसर वही लिखेंगे, वही करेंगे, वही प्रचारित प्रसारित करेंगे, जो आका उन्हें बताऐंगे, लानत है सरकारी ढर्रों पर जो पेंशनर्स विरोधी साबित हो रहे हैं। इस बार संशय, गफलत का वातावरण निर्मित करने के दोषी हैं। हमारे सर पर बैठे हितचिंतक नीम मदहोशी या अर्धसुसुप्ता में खोये हैं, दिगर तौर पर सक्रिय हैं, मगर पेट पीठ से जुड़े गुढ़ मुद्दे महंगाई राहत पर इनकी और उनकी अर्धचेतना के कारण अन्नदाता मुखिया पर दबाव बनाने में बेहद कमजोर साबित हुए। ये एक नहीं हो सकते ईगो जो है, कौन किसी की छत्रछाया में आए यह किसी को पसंद नहीं, इस जंगल में सभी शेर हैं राजा हैं, फिर इतने बड़े और सारे राजा तो बंटाढार होना ही है। सवाल सभी पूछ्ते हैं मगर सवाल कर्ता काम नहीं करना चाहते। पिछले दशकों से सरकार ने हर बार डीआर मुद्दे पर पेंशनर्स की उपेक्षा की, जो भेदभाव शुरू किया वह घोर आलोचना जन्य हैं और जो पेट काटने का तरीका आर्थिक नुकसान स्वरूप पिछली व वर्तमान सरकार ने किया, लगता हैं उसे देखकर नियमित और पेंशनर्स का बंटवारा कर दिया लगता है। महंगाई चरम पर एक साथ बढ़ती है मगर उसकी जगह उस भूख की भरपाई अलग–अलग समय करती हैं,



मदन वर्मा माणिक

नियमित की पूरी भूख शांत करती है मगर पेंशनर्स की रोटी काटकर आंशिक भूख शांत करती है, कुपोषण का शिकार बनाती है। सरकार ने समझ लिया है। इनको रोटी काटकर दो, ये काम चला लेंगे। या फिर सोचा कि नियमित को भूख समय पर लगती है और पेंशनर्स को भूख आठ–नो महिने या चौदह महिने बाद लगती है तो इनकी महंगाई की भरपाई ऐसे अंतर से करो। रुपया बचेगा, अर्थव्यवस्था दम पकड़ेगी। ऐसी सोच पेंशनरों के लिए दुखदायी है। अब कमीटमेंट करते हैं, धारा 49.6 ये ऐसी हैं जिसकी लकीर को सरकार हरबार पीटती है। नेतृत्व अपनी बात उन्हें समझा नहीं पाये या फिर क्या समझने वाले समझने को, यह क्लेश मिटाने को तैयार नहीं, क्या वजह है, संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं सांसदों व मंत्रीमंडल सदस्यों के भत्तों – पेंशन में कोई देरी या भेदभाव या अंतर तो कभी होता नहीं है, फिर पेंशनर्स को समान रूप से सही समय पर उसके हक की राहत क्यों नहीं दी जाती। इस लोछे का जिम्मेदार जो थे जो आज हैं उन्हेंकैसे सुधारा जाए या फिर ये जो गलत परंपरा का निर्वाह करना बंद कब किया जाएगा। मजदूर दिवस पर यह पूछता है नेतृत्व कताओं व जिम्मेदार सरकार से मध्यप्रदेश का प्रत्येक प्रताड़ित याने पेंशनर्स।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# एपेक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ : नितिन गोयल





**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : एपेक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ, हॉस्पिटल देख कर नूरपुर की जनता ने एपेक्स हॉस्पिटल को नूरपुर के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सौगात बताई। हॉस्पिटल के चेयरमैन नितिन गोयल तथा डॉ गरिमा सिंह का लक्ष्य नूरपुर क्षेत्र की जनता को काम पैसे में अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने हे। अस्पताल में स्त्री रोग विभाग, जनरल सर्जरी, हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, त्वाचा रोग, यूरोलॉजी, नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग, नाक, कान, गला रोग विभाग तथा 24 घंटे आपातकालीन सुविधाएं उपलबध रहेंगीक एक्स रे एवं पैथोलॉजी की सुविधा भी दी जाएगी। इस मौके पर बिजनोर के वरिष्ठ डॉ प्रकाश, डॉ वीरेंद्र, डॉ उज्जवल पाल, डॉ अतुल यादव, डॉ हरिपाल, डॉ इंदु मिश्रा, डॉ अरुण चौधरी, डॉ अभिमन्यु, डॉ जुनैद, डॉ दानिश आदि मौजुद रहे तथा नूरपुर नगर पालिका चेयरमैन डॉ एम. पी. सिंह, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, पुष्पेंद्र शेखावत, सपा के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन, राजपूत करनी सेना अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, सरदार रवीन्द्र सिंह, असलम मलिक इत्यादि मौजुद रहे तथा नूरपुर के डॉ चरन सिंह चौहान, डॉ. इमरान, डॉ. वाजिद, डॉ मोहम्मद अली, डॉ शिखा, संजय कुमार, अंकुर भारद्वाज, ललित कुमार, प्रिंस यादव, मुनेश कुमार त्यागी आदि मौजुद रहे।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया : आकांक्षा चौहान



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर विकास खण्ड नूरपुर में आकांक्षा चौहान, ब्लॉंक प्रमुख नूरपुर ने विकास खण्ड परिसर के बाहर राहगीरों को गर्मी से राहत हेतु छबील लगाकर शरबत पिलाया गया।

ब्लॉंक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने अक्षय तृतीया के महत्व को समझाते हुए बताया कि हिन्दु धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है अक्षय तृतीया के दिन चार युगों में से दूसरे युग त्रेतायुग की शुरूआत हुई थी तथा इसी दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म हुआ था तथा ये भी मान्यता है कि महाभारत के रचियता महर्षि वेद व्यास ने इसी दिन भगवान गणेश को महाकाव्य सुनाना शुरू किया था। इस अवसर पर विकास खण्ड नूरपुर से दिनेश कुमार शर्मा खण्ड विकास अधिकारी, गिरीश चन्द एकाउन्टेन्ट, सलीम अहमद एडीओ आई.एस.बी., नीरज कुमार, अखिलेश कुमार, जितेंद्र तोमर, रेखा रानी, रंजीता, तरूण वर्मा, आदि ग्राम पंचायत सचिव तथा प्रतीक कुमार, चेष्ठा राजपूत, प्रीती चौहान, ज्योति रानी, प्रियंका, अनीता, सुनीता, भावना देवी, दीपा दत्त, आरती, सीमा आदि सीएलएफ पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण, जावेद, छोटन सैनी, मुनेश बीएमएम, गौरव त्यागी, महेश कुमार, प्रशान्त कुमार, मोहन आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण व चरित्र सत्यापन प्रक्रिया के परीक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आधार पर चयन प्रक्रिया के अगले चरण में अभ्यार्थियो के ॅचिकित्सा परीक्षण व चरित्र सत्यापनह्व प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन स्थित परीक्षण केंद्र का भ्रमण-निरीक्षण किया गया ।इस दौरान मेडिकल परीक्षण हेतु गठित टीम के अधि/कर्मचारीगण, मेडिकल व चरित्र सत्यापन की संवीक्षा हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे एसपी द्वारा जनपद में दिनांक 22 अप्रैल से प्रारम्भ होकर दिनांक सात मई 2025 तक चलने वाली ह्व मेडिकल व चरित्र सत्यापनह्व प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान गठित टीम के अधिकारी-कर्मचारीगण को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी गाइड् लाइन से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, चरित्र सत्यापन एक आवश्यक प्रकिया जिसमे चयनित अभ्याथीर्यों के आपराधिक रिकार्ड की जाँच करना है । तत्पश्चात मेडिकल व चरित्र सत्यापनह्व हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों से वार्ता की गई तथा उनको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान द्वारा अभ्यार्थियों की सुविधा हेतु बनायें गये काउन्टरों/टेबलों को चेक किया गया, अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हों, यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान मेडिकल परीक्षण हेतु गठित टीम के अधि/कर्मचारीगण, मेडिकल व चरित्र सत्यापन की संवीक्षा हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित रहे एसपी द्वारा जनपद में दिनांक 22 अप्रैल से प्रारम्भ होकर दिनांक सात मई 2025 तक चलने वाली ह्व मेडिकल व चरित्र सत्यापनह्व प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान गठित टीम के अधिकारी–कर्मचारीगण को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी।

# धामपुर के प्रसिद्ध फिजियोथैरेपी चिकित्सक डॉ प्रिंस गुप्ता को अलीगढ़ में किया गया फिजियो रत्न अवॉर्ड से सम्मानित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**धामपुर** : धामपुर धर्म नगरी धामपुर के प्रसिद्ध समाज सेवी चिकित्सक तथा खारी कुआं स्थित फीजीकेअर फिजियोथेरेपी क्लीनिक के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ प्रिंस गुप्ता को अलीगढ़ में आयोजित फिजियोगाइड 3 कॉन्फ्रेंस में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य के लिए फिजियो रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया यह सम्मान डॉ प्रिंस गुप्ता को खचाखच भरे हाल तथा तालिया की सामूहिक गड़गड़ाहट के बीच इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपी के अध्यक्ष डॉ संजीव झा एवं महिला फिजियोथेरेपी विंग की अध्यक्ष डॉ रुचि द्वारा प्रदान किया गया

कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न स्थानो तथा विदेश से पहुंचे चयनित विशेषज्ञों के बीच डॉ प्रिंस गुप्ता को यह फिजियो रत्न अवॉर्ड उनकी 23 वर्षो की उत्कृष्ट सेवाओं शोध कार्यों और फिजियो थेरपी क्षेत्र में दिए गए ऐतिहासिक एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है।उक्त सम्मान प्रदान करने वाले डॉ संजीव झा तथा डॉ रुचि ने अपने संबोधन में जनपद बिजनौर के धामपुर नगर में निवास करने वाले फिजियोथेरेपिस्ट डॉ प्रिंस गुप्ता द्वारा फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की विस्तार से बिंदुवार चर्चा करते हुए कहा कि समर्पित चिकित्सक ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत आधार दिलाने में अहम भूमिका प्रदर्शित कर सकते हैं जिसके लिए धामपुर के डॉ प्रिंस गुप्ता ने न केवल अपने 23 वर्ष के कार्यकाल का एक स्वर्णिम इतिहास ही रचा है बल्कि वे फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत भी कहे जाएं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी इस अवसर पर फिजियो रत्न अवार्ड से सम्मानित होने वाले डॉक्टर प्रिंस गुप्ता ने बताया कि हड्डी जोड़ रोग एवं नसों /मांसपेशियों की किसी भी बीमारी मे फिजियोथेरेपी के माध्यम से किए जाने वाला उपचार अत्यधिक कारगर उपचार साबित हो रहा है। फिजियोथेरेपी के द्वारा घुटना प्रत्यारोपण एवं रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन से भी बचा जा सकता है उन्होंने संबंधित रोगों से ग्रसित सभी रोगियों का आवाहन भी किया कि वह क्वालिफाइड फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ से ही उपचार करवाये अलीगढ़ में सम्मानित होने के बाद जब डॉक्टर प्रिंस गुप्ता धामपुर पहुंचे तो उनके शुभचिंतकों ने ढोल की थाप पर जश्न एवं खुशियां मनाते हुए उनका जोरदार स्वागत किया अपने स्वागत से अभिभूत डॉ प्रिंस गुप्ता जब भगत सिंह चौक से खारी कुआं को जाने वाले मार्ग पर स्थित आवास पर पहुंचे तो सबसे पहले उन्होंने अपने पिताश्री कामेश्वर नाथ गुप्ता तथा जन्म देने वाली माता अर्थात जननी नीलम गुप्ता के चरण स्पर्श करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और इस गौरवशाली उपलब्धि का पूरा श्रेय भी अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद में ही दुनिया का हर सुख और उपलब्धि समाहित है।

# आज से रामघाट से रोडवेज बस सेवा होगी शुरू

**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/बुलंदशहर/** रामघाट ग्राम प्रधान के अथक प्रयास से रामघाट से दिल्ली के लिए बस सेवा आज से होगी शुरू

आपको बता दें रामघाट ग्राम प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा ने क्षेत्र के लोगों की जन समस्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अतरौली डिपो के एआर एम संजीव कुमार शर्मा से रामघाट से अलीगढ़ तथा आनंद विहार दिल्ली के लिए रोडवेज बस चलाने की मांग की थी तो अतरौली डिपो के एआरएम संजीव कुमार शर्मा ने ग्रामीण जनता की समस्या को देते हुए दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू कर दी है।

उन्होंने बताया सुबह साढ़े सात बजे रामघाट से शुरू होकर




जरगवां गनेशपुर बायां डिबाई होते हुए दिल्ली को जायेगी और वापिस शाम को रामघाट में रुकेगी ग्रामीण जनता ने एआरएम संजीव कुमार शर्मा का अभार व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा को धन्यवाद दिया है।

# सासनी में निकाली गई भगवान परशुराम राम की शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**सासनी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती सासनी में बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई।इसका आयोजन ब्राह्मण समाज के सौजन्य से किया गया।जिसमें हाथरस शहर के नामचीन वरिष्ठ समाजसेवी फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉ विकास शर्मा परशुराम शोभायात्रा में शिरकत करने पंहुचे। सबसे पहले उन्होंने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की और नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान डॉ विकास शर्मा की प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से शिष्टाचार मुलाकात हुई यंहा पर डॉ विकास ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।डॉ विकास शर्मा ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्राह्मण शब्द की व्याख्या करने वालों को समझ में आना चाहिए कि ब्राह्मण जाति नहीं है, जीवन जीने की एक प्रवृत्ति का नाम है। जो अपने लिए नहीं वरन्‌सबके कल्याण की भावना का प्रतिपालन करता है, जो कहता है प्राणियों में सद्भावना हो, जो कहता है विश्व का कल्याण हो, जो दूसरों के सुख की कामना करता है, जो जन्म से लेकर मृत्यु तक उनके मंगलकामना करने का कार्य करता है, वो ब्राह्मण है। में डॉ विकास शर्मा भी आप सबके बीच ब्राह्मण कुल का ही एक बेटा हूँ। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम एक महान योद्धा थे, जिन्होंने धरा को बढ़ते पाप और आसुरी शक्तियों से मुक्त कराने तथा धर्म की रक्षा के लिए अतुलनीय कार्य किया गया था।

उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार और जमदग्नि ऋषि व माता श्री रेणुका के पुत्र हैं।जिनका जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हुआ था। उन्होंने पृथ्वी पर हो रहे पाप व अधर्म का नाश करके धर्म की रक्षा की थी। इस दौरान आयोजिको ने डॉ विकास शर्मा का फूलमालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया।

# थाना महुली पुलिस ने चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल, 02 अदद मोबाइल फोन व 200 रु0 के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय के नेतृत्व में उ0नि0 वीरेन्द्र मिश्र, उ0नि0 अभिमन्यु सिंह चौकी प्रभारी शनिचरा बाबू, उ0नि0 अमित कुमार चौकी प्रभारी कालीजगदीशपुर, हे0का0 ज्ञानचन्द यादव, हे0का0 जुबेर अली, हे0का0 श्रीकान्त यादव, का0 अमरजीत यादव ने मु0अ0सं0 121/2025 अन्तर्गत धारा 317(2),317(4),318(4),338,336(3),340(2) इठर में वांछित अभियुक्त क्रमशः अजय चौहान पुत्र अम्बिका चौहान साकिन कालीजगदीशपुर ( मोहरईया) थाना महुली, .रोहित बढ़ई पुत्र हरिश्चन्द्र बढ़ई साकिन मुखलिसपुर थाना महुली को 02 अदद मोटरसाइकिल, 02 अदद मोबाइल फोन व 200 रु0 (जामा तलाशी) के साथ चन्द्रौटी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए न्यायालय भेज दिया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो बताये कि हीरो स्पलेन्डर प्लस मोटरसाइकिल हम दोनों मिलकर करीब 15 दिन पहले दोघरा चौराहा थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर से बारात में से चोरी किये थे तथा दुसरे मोटरसाइकिल हिरो एच0 एफ0 डीलक्स को करीब 7 से 8 माह पहले कैण्ट जनपद अयोध्या से चोरी किये थे ।इस पर लगा नम्बर प्लेट फर्जी है हम दोनों लोग दोनो गाडियो को बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ़ रहे है कि आप लोगो ने पकड़ लिया यह दोनो गाडियाँ चोरी की है तथा हम दोनों लोग बेरोजगार हैं तथा चोरी करके अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं ।हम लोगो पर पहले से कई मुकदमे है, जीवन यापन व मुकदमो के खर्चे के लिए चोरी की घटनाएं करते है ।

अभियुक्त अजय चौहान पुत्र अम्बिका चौहान साकिन कालीजगदीशपुर ( मोहरईया) थाना महुली संतकबीरनगर ।

1. मु0अ0सं0 180/2022 धारा 379,411 भादवि थाना महुली जनपद संतकबीरनगर ।

2. मु0अ0सं0 188/2022 धारा 380, 411 भादवि थाना महुली जनपद संतकबीरनगर ।

# छतारी में धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर** : श्री परशुराम मंडल छतारी के तत्वाधान में अलीगढ़ रोड़ स्थित हीरा रेड गार्डन में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के तहत विचार कार्यक्रम का हवन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम ने पहुंचने मुख्य अतिथि परम पूज्य स्वामी पूणार्नंद पुरी महाराज हरिगढ़, स्थानीय ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांव के अधिक से सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोग हवन में आहुति दी। छतारी के अलीगढ़ अनूपशहर रोड़ स्थित हीरा रेड गार्डन में गुरुवार को श्री परशुराम जन्मोत्सव के तहत हवन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में आयोजित हवन में सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोगों ने आहुति दी।कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि परम पूज्य स्वामी पूणार्नंद पुरी महाराज हरिगढ़, शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा, श्रीओम शर्मा जयरामपुर, भाजपा नेता शांति स्वरूप शर्मा, समाजसेवी शिव कुमार उर्फ सीटू भैया, शिव कुमार शर्मा लालनेर ने संयुक्त रूप से भगवान श्री परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। यहां पर ब्राह्मण समाज से लोगों ने मुख्य अतिथि और अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनिल शर्मा ने कहा भगवान परशुराम एक समाज के भगवान नहीं है।बल्कि सर्व समाज के चिरंजीवी भगवान हैं।उसी दौरान मुख्य अतिथि परम पूज्य स्वामी पूणार्नंद पुरी महाराज हरिगढ़ ने कहा परशुराम भगवान ने हमेशा हमारा समाज में वेधर्मियों का विनाश किया है।भगवान परशुराम के आर्दशों को अपनाने का आह्वान सम्मान समारोह के अंतर्गत समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों धर्म रक्षा, सामाजिक न्याय, और सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा को आज के समय में भी प्रासंगिक बताते हुए सभी को उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। उसी दौरान उन्होंने कहा भगवान श्री परशुराम की प्रतिमा चौराहे की जगह मंदिरों में की जाएं। श्री परशुराम मंडल छतारी के पदाधिकारियों द्वारा प्रथम बार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर कार्यक्रम का भव्य बनाया है। इस मौके पर यशोधर शर्मा, डीके शर्मा, जय शिव शर्मा, कपिल गौड़, अजय वशिष्ठ उर्फ अन्नू, सचिन पंडित, हर्षवर्धन शर्मा, ललित शर्मा, मंगलसेन गुप्ता, रवेंद्र मीणा, नीटू शर्मा, निशांत सुनील दत्त, प्रमोद पंत, प्रशांत वशिष्ठ, पीयूष, विशेष पंडित आदि मौजूद रहे।

# खेलों से बढ़ता है आपसी भाईचारा और सद्भाव : विदित चौधरी

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर** ।स्याना विधानसभा क्षेत्र के गांव मवई में गुरुवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, हिमाचल प्रदेश के प्रभारी विदित चौधरी ने मवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया और क्षेत्रीय क्रिकेटरों से मुलाकात की । राष्ट्रिय सचिव विदित चौधरी ने लीग में प्रतिभाग कर रही टीमों का परिचय लिया और क्रिकेट खेलकर टूनार्मेंट को विधिवत रूप से शुरू कराया।

खिलाड़ियों और क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी ने कहा कि खेल आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाते हैं ।उन्होंने कहा कि मवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए प्रतिभा निखारने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के माध्यम से नेता विपक्ष राहुल गांधी का मोहब्बत का संदेश लोगों को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए न स्टेडियम बनवा पाई और न सुविधाएं दे रही है ।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन जिले के लोगों को जोड़ते हैं और नई प्रतिभाओं को निखारते हैं । कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि मवई का नाम राजनीति में जिले में पहले नंबर पर आता है अब खेलों के माध्यम से भी यहां का नाम रोशन होगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा खेलों को प्रोत्साहन दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी, जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पुरुषोत्तम नागर, सुभाष गांधी, शिवराम बाल्मिकी, पौरुष शर्मा, साजिद चौधरी, भूपेंद्र, डॉ इरफान, हेम सिंह, जगदेव सिंह, विजय शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र, विक्रम नगर, मुनिदेव, अजीत सिंह, अजयपाल सिंह, गंगा सरन, राजकुमार पंडित, मनोज कौशिक, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने महिलाओं-बालिकाओं को सभी सुरक्षा सम्बन्धी सेवाऐ-एप्लीकेशन तथा हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




**हाथरस।** महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्लऑपरेशन जागृतिह्व फेज-04 के क्रम मे समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम, महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं, बालिकाओं व स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु जागरुक किया गया । पुलिस ने महिलाओ-बालिकाओ के साथ घटित अपराधो से बचाव के उपाय के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये उनकी रोकथाम व कानूनी प्रक्रिया के तहत विधिक प्रावधान तथा विषम परिस्थितियो में सहायता प्राप्त किये जाने के लिये महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही महिलाओं/बालिकाओं को सभी सुरक्षा सम्बन्धी सेवाऐ/एप्लीकेशन आदि के बारे में जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया । महिलाओं/बालिकाओं को बताया गया कि आस पड़ोस में या स्वंय के साथ होने वाले अपराध या अपराध की संभावना होने पर संकोच किये बिना निडर होकर अपनी बात पुलिस तक पहुंचाए ।

पुलिस ने बताया कि युवाओं के बीच नशा करने की आदत एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है । नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू बीडी, सिगरेट, चरस, स्मैक, कोकीन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थों/दवाओं का उपयोग किया जा रहा है । इन नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्तियों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुँचने के साथ सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है ।

# बुगरासी में गऊशाला रोड पर भी जलभराव

वेलकम इंडिया



**बुगरासी।** बुगरासी में यूं तो कई मुख्य मार्गों पर जलभराव है लेकिन इस गऊशाला रोड पर एक फुट से भी अधिक जलभराव है।इस रास्ते पर भरा हुआ जल इतना गंदा है कि जो भी इस जल से गुजर जाता है उसको चर्मरोग की बीमारी लग जाती है और बीमारी लगे भी क्यों ना क्योंकि यह जलभराव लेटरिनों से निकलने वाला गंदा पानी होता है जिसके कारण इस गंदे जल से होकर गुजरने वालों को चर्मरोग तो होना निश्चित ही है।दूसरी ओर इस जलभराव के पास बने मकानों में मच्छर जनित बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है क्योंकि इस जलभराव के कारण ही यहां मच्छरों का साम्राज्य है। मच्छर इतने अधिक हैं कि दिन में भी इनकी भनबनाहट सुनाई देती है। कस्बे का पानी से ही जलभराव होता है। कस्बे के पानी को तालाबों में डाल दिया करते थे लेकिन कस्बे के सभी तालाब गंदगी से अटे पडे हैं इसलिए भी जलभराव हो रहा है। तालाबों का लबालब होना भी जलभराव का मुख्य कारण है। तालाबों की सफाई ना होना भी जलभराव का ही करण है। नगर पंचायत ईओ मनोज यादव से बात करनी चाही तो बात नही हो सकी।अनेको बार फोन मिलाने के बाद फोन नहीं मिला लेकिन बीबी नगर नगर पंचायत से बात हो गई कोई फायदा नही हुआ।फोन? नम्बर मनोज यादव ईओ बुगरासी का था। जलभराव के पास बने मकान मालिकों का कहना है कि हमने अनेकों बार इस जलभराव की शिकायत की लेकिन हमारी कोई सुनता ही नही है। समस्या का समाधान कैसे हो भगवान ही जाने।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्या को लेकर बीएसए सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बरेली के जिलाध्यक्ष / मांडलिक मंत्री मुकेश सिंह चौहान एवं जिलामंत्री शिवस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत जनपद बरेली के समस्त शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों/समस्याओं के निराकरण हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्य समिति के निर्णय अनुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित होकर अपनी मांगों की समर्थन में शांतिपूर्ण ढंग से धरना देकर अपना 15 सूत्रीय मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह को सौंपा। शिक्षकों के महत्वपूर्ण मुद्दों में पुरानी पेंशन, चयन वेतनमान, मानव संपदा पोर्टल अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, सामूहिक बीमा जैसे ज्वलंत मुद्दे शामिल रहे। मुख्य रूप धरने में जिलामंत्री, अजरार हुसैन आगा, कोषाध्यक्ष, रोहित सिंह, शशि भूषण, बनवारी लाल राठौर अध्यक्ष मझगवां, डाङ्गसंजय शर्मा, अमित सिंह, सचिन मुरारी शर्मा, अमित कुमार, कृष्ण कुमार शर्मा, ज्ञान स्वरूप ,ऋचा तिवारी, महिमा दीक्षित, निधि सक्सेना, मनोज कुमार गंगवार, सायमा शमीम, विजय कुमार सिहं वव्लू विशेष कुमार, रवि पाराशरी, केदार सिंह विवेक त्रिवेदी, सजंय शर्मा मंत्री फतेहगंज, हरिपाल मंत्री, जैनेंद्र भारद्वाज, अनुज शर्मा, अफजल वेग, विनोद वर्मा, प्रमोद गंगवार, मो0हसन, चन्द्र सेन दिवाकर, अरूण पाडेय प्रेमवावू, कामरान, मनोज मिश्रा, रोहित शर्मा, सन्तोष सिहं, अरविंद कुमार तिवारी, अदि सहित समस्त जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक कार्यकारिणी एवं जनपद के सेंकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज द्वारा बच्चों का कराया गया टीकाकरण

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** गुरुवार को वैक्सीनेशन कैंपेन के अंतर्गत सीबीगंज क्षेत्र के दिल्ली पब्लिक स्कूल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर प्रशांत रंजन, नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह के दिशानिर्देशन में टेटनस तथा गला घोंटू खांसी का टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर मधु गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह एक अभियान है, जिसमे कक्षा 5 तथा कक्षा 10 के बच्चों को टी डी वैक्सीन से वैक्सीनेट किया जा रहा है, ताकि इन बच्चों में टेटनस तथा गला घोंटू खांसी जैसी भयानक बीमारी न हो सके। उन्होंने बताया कि डिप्थीरिया जिसे गला घोंटू भी कहते है यह एक संक्रामक बीमारी होती है जो कि बैक्टीरिया से फैलती है। इसलिए इसकी रोकथाम के लिए सभी सरकारी स्कूल, सहायता प्राप्त स्कूल तथा गैर सरकारी स्कूलों में अभियान चलाकर टीकाकरण कराया जा रहा है। जिससे इस बीमारी की रोकथाम की जा सके। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य वी के मिश्रा एवं उनके समस्त स्टाफ के साथ अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज के हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी एवं सरस्वती आदि का विशेष सहयोग रहा।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल




वेलकम इंडिया



**शिकारपुर/अहमदगढ़/बुलंदशहर/** डिबाई-शिकारपुर मार्ग पर स्थित गांव मुमरेजपुर के पास रोडवेज बस व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार महिला की मौत हो गई और पति घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार थाना शिकारपुर क्षेत्र के गांव नवादा निवासी विनय कुमार पुत्र गिरधारी लाल गुरुवार सुबह अपनी पत्नी रजनी देवी 35 के साथ बाइक द्वारा थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव मुमररेजपुर अपनी ससुराल आया था। दोपहर करीब तीन बजे पति-पत्नी बाइक द्वारा अपने गांव लौटते समय डिबाई से बुलंदशहर की तरफ जा रही ग्रेटर नोएडा डिपो की रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहां चिकित्सकों ने घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।दिल्ली ले जाते समय रास्ते में ही घायल महिला रजनी देवी की मौत हो गई। इस दुखद घटना से दोनों गांव के परिजनों में शोक लहर दौड़ गई परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल।

उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया है कि महिला के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

# श्री रामचंद्र मिशन (हार्ट फूलनेस) की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर त्रिदिवसीय भंडारे व अन्य कार्यक्रमो का आयोजन



वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** श्री रामचंद्र मिशन (हार्ट फूलनेस) के संस्थापक श्री रामचंद्र, श्री बाबू जी महाराज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर त्रिदिवसीय भंडारे व अन्य कार्यक्रमो का आयोजन के प्रथम दिवस पर लोगों को तनाव मुक्त होकर कार्य करने व तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर संस्था के प्रबंधक पी सी पाठक ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि श्री बाबू जी महाराज का जन्म तीस अप्रैल 1899 को शाहजहांपुर में हुआ था उन्होंने 1945 में अपने गुरु की श्री रामचंद्र जी फतेहगढ़, लाला जी महाराज के नाम पर श्री रामचंद्र मिशन की स्थापना की थी जो वर्तमान में हार्टफुल्नेस के नाम से जानी जाती है जिसका विश्व के 170 देशों में प्रचार प्रसार है बिना धार्मिक व जातिगत भेदभाव के लोग संस्था से जुड़े हुए हैं। संस्था के अध्यक्ष कमलेश पटेल ने बताया कि कान्हा शांति बन हैदराबाद में गत मार्च माह में ग्लोबल पीस महोत्सव आयोजित हुआ। केंद्र समन्वयक बी एस राठौर ने बताया कि हार्टफुल्नेस हृदय पर केंद्रित होकर जीने की एक जीवन शैली है दीप सक्सेना ने एकात्म अभियान के समन्वयक ने एकात्म अभियान के उद्देश्यों के बारे में बताया। संजीव गोयल ने बताया कि रिलैक्सेशन, ध्यान, सफाई और प्रार्थना को हमें अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से राकेश, अरविन्द पटेल, रमेश गुप्ता, डॉ सी पी गंगवार, डॉ अमृता गंगवार, जुगल किशोर, नत्थू लाल गंगवार, शशि रानी, देवकी पाल, संगीता चौधरी, रमा पाठक, नीलिमा सक्सेना, मीतू गोयल, नीलू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड राज्य के लिए संघर्ष जारी रहेगा: कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह



वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने झांसी में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर की अनुपस्थिति में ज्ञापन प्रभारी अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग की गई। कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए अलग राज्य जरूरी है और इस मांग को अंतिम सांस तक लेकर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सागर को बुंदेलखंड का दिल बताते हुए कहा कि वहां का विकास भी तभी संभव है जब अलग राज्य का गठन हो।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 1948 में बुंदेलखंड राज्य बना था, लेकिन 1950 में उसका नाम विंध्य प्रदेश कर दिया गया और 1956 के राज्य पुनर्गठन में इसे खत्म कर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बांट दिया गया। यह क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक अन्याय था। जनगणना 2011 के अनुसार बुंदेलखंड की जनसंख्या 1.83 करोड़ से अधिक है और इसका क्षेत्रफल 70,592 वर्ग किलोमीटर है, जो इसे एक सशक्त राज्य बनाने की पूरी योग्यता देता है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद नईम मंसूरी, नगर अध्यक्ष रेखा साहू , जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, मो. आरिफ कमाल, हरि शंकर शर्मा, अनवार अहमद मंसूरी, दुर्गा प्रसाद, राम प्रसाद धानुक, सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संघर्ष सेवा समिति से दो बहनें सज संवरकर हुईं विदा, डॉ० संदीप को दिया दीघार्यु का आशीष

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** जैसा कि सर्वविदित है, संघर्ष सेवा समिति असहाय और निर्धन कन्याओं के विवाह में विगत कई वर्षों से सहयोग करती आ रही है। संघर्ष सेवा समिति के विस्तार का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। संघर्ष सेवा समिति कार्यालय से दो बहनों के पैर पखारकर विदा किया गया। हंसारी निवासी कंचन अहिरवार और रेलवे कॉलोनी निवासी मोनिका देवरिया संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से कलर्स ब्यूटी पार्लर से तैयार होकर कार्यालय पहुंची। जहां समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी द्वारा दोनों बहनों के पैर पखारकर उन्हें उपहार के रूप में ट्रॉली बैग, किचन सैट, साड़ी एवं अन्य उपहार देकर विदा किया गया। कंचन अहिरवार के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है उसके भाई मजदूरी कर घर का जीवन यापन कर रहे हैं वहीं मोनिका के पिता राजेंद्र कुमार ऑटो चलाते हैं। संघर्ष सेवा समिति के सदस्यों के माध्यम से कंचन और मोनिका के परिजन संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विवाह के संबंध में बात रखी मोनिका की बहन शिखा भी अपने विवाह में संघर्ष सेवा समिति कार्यालय से ही विदा हुई थीं। विदा होते समय दोनों बहनों ने डॉ० संदीप को चिरायु का आशीर्वाद देते हुए कहा संदीप भईया समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

सोशल मीडिया और समाचारों के माध्यम से हमें जानकारी प्राप्त होती रहती है। वैसे तो जनपद में कई समाजसेवी हैं लेकिन डॉक्टर संदीप के बराबर समाज सेवा कोई नहीं करता संघर्ष सेवा समिति कार्यालय आकर हमें परिवार जैसा अनुभव प्राप्त हुआ।

# जमीन के झगड़े को राष्ट्रगान से जोड़कर स्कूल संचालिका ने पुलिस को किया गुमराह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** किला थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल की संचालिका द्वारा राष्ट्रगान के विरोध का लगाया गया आरोप जांच में बेबुनियाद निकला। एसपी सिटी मानुष पारीक के अनुसार स्कूल के पास स्थित एक जमीन को लेकर संचालिका और पड़ोसी के बीच पहले से ही विवाद चल रहा था, जिसे राष्ट्रगान से जोड़कर सनसनीखेज रंग देने की कोशिश की गई। मंगलवार को स्कूल संचालिका शबीना ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को शिकायत सौंपी थी। उनका आरोप था कि उनके ब्लूमिंग डेल स्कूल में ह्यजन गण मनह्व के दौरान कुछ पड़ोसी आपत्ति जताते हैं और शिक्षकों को धमकाते हैं। संचालिका के साथ कई महिलाएं और सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता भी एसएसपी कार्यालय पहुंचे और सुरक्षा की मांग की। शिकायत के आधार पर किला थाना प्रभारी राजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने बताया कि मामला राष्ट्रगान से संबंधित नहीं है, बल्कि तंग गली में स्कूल होने के कारण पड़ोसियों को रोजमर्रा की समस्याओं जैसे पानी और नाली को लेकर आपत्ति रहती है।

# डीएम-एसपी ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने टांडा थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए बन रहे चार मंजिला आवासीय हॉस्टल बैरक व विवेचना कक्ष का जायजा लिया और निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण कर विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त मैस को हटाकर उपनिरीक्षकों के लिए आवासीय भवन बनवाने की हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोतवाली के निकट तहसील भवन और इंटर कॉलेज के सामने अतिक्रमण हटवाने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए ।इस मौके पर एसडीएम कुमार गौरव, प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके पूर्व डीएम और एसपी कस्बा दढ़ियाल पहुंचे और कोसी नदी पर सेतु निगम द्वारा बनाए जा रहे नए पुल का निरीक्षण किया ।सेतु निगम का कोई भी अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं मिला,जिसपर डीएम ने नाराजगी जताई। साथ ही पुराने पुल की मरम्मत कार्य की समीक्षा कर जेई अमित तेजान को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुलिस चौकी में बन रहे मंदिर के कार्य की जानकारी लेने के बाद अधिकारियों ने नगर पंचायत क्षेत्र के फत्ता वाला में सीएनडीएस द्वारा बनाए जा रहे तीन मंजिला सद्भावना कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया। 3.25 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस मण्डप में एक हॉल, 10 कमरे, किचन, टॉयलेट व बाथरूम शामिल हैं ।निरीक्षण के दौरान मण्डप के आसपास अतिक्रमण देख जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो दिन में अवैध कब्जे हटवाने और मण्डप से मुख्य सड़क तक सीधा रास्ता बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण पूरा होते ही मण्डप की बुकिंग शुरू करने के निर्देश नगर पंचायत को दिए।

# श्रमिक दिवस पर भारत विकास परिषद ने भेंट किये गमछे व फल व लेखन सामग्री

**वेलकम इंडिया**



**डिबाई/बुलंदशहर/** विश्व श्रमिक दिवस पर भारत विकास परिषद ने श्रमिक और स्वामी के पारस्परिक अंतर संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल देते हुए भट्टा श्रमिकों हेतु तपती दोपहरी में सिर ढकने हेतु गमछे भेंट किये और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें फल वितरित किये। देव ईंट उद्योग गोविंदपुर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमवीर सिंह और विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र कुमार पूर्व ब्लॉक प्रमुख द्वारा भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। श्रमिक दिवस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए शाखा सचिव वी के राय ने कहा कि श्रमिक ही भारत के विकास का नींव हैं। श्रमिकों के श्रम की अवहेलना कर किसी भी राष्ट्र में भौतिक संरचना की कल्पना नहीं की जा सकती। भारत विकास परिषद कोषाध्यक्ष नौरंगी लाल ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा के श्रमिक अपना श्रम और पसीना बहाकर राष्ट्र निर्माण में जो योगदान देते हैं, वह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। प्रांतीय परिषद सदस्य गिरीश गुप्ता एडवोकेट ने अपने उद्बोधन में कहा कि गर्मी के मौसम में भट्टा श्रमिकों को तपती धूप, लूं और वातावरण के उच्च ताप जनित रोगों से बचाने हेतु सिर ढकना अति आवश्यक है। इसीलिए भारत विकास परिषद ने यहाँ उपस्थित सभी श्रमिकों को ने गमछा प्रदान कर सम्मानित किया है नौनिहालों को बांटी लेखन सामग्री और रंग* भट्टा श्रमिकों के साथ रह रहे उनके परिवार के नौनिहाल जो शिक्षा से लगभग वंचित रहते हैं के मनोरंजन हेतु ड्राइंग पुस्तिका और पेंसिल- रबर तथा रंगों का वितरण भी किया ताकि शिक्षा के प्रति उनमें लगाव उत्पन्न हो। बच्चों ने ड्राइंग बुक में अपने मनपसंद चित्र बनाकर रंग भरे। उनके जीवन में रंग भरने की भारत विकास परिषद की यह छोटी सी पहल उनके चेहरे पर मुस्कान की रेखा खींचने में सफल रही।

# डीएम द्वारा गेहूं क्रय केंद्र डीघा का किया गया औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा गेहूं क्रय केंद्र डीघा का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने डिप्टी आर0एम0ओ0 को निर्देशित किया कि किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए लक्ष्य के अनुरूप खरीद कराए। उन्होंने डिप्टी आर0एम0ओ0 को निर्देशित किया कि गत वर्ष धान एवं गेहूं विक्रय करने वाले किसानों की सूची सभी एसडीएम एवं केंद्र प्रभारियों को उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम एवं डिप्टी आर0एम0ओ0 को निर्देशित किया कि सभी केंद्र समय से खोले जाए, इसका आवश्यक निरीक्षण भी किया जाए एवं मोबाइल क्रय केंद्रो से अधिक से अधिक गेहूं खरीद की जाए। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनपद के सभी क्रय केंद्रों पर किसानों के लिये पेयजल की व्यवस्था हो एवं केंद्रों पर भी साफ सफाई की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी कमलेश कुमार सिंह, पीसीएफ प्रभारी अखिलेश कुमार, क्रय केंद्र प्रभारी अरुण श्रीवास्तव, ओएसडी राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एमआईटी में 17 आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति चेक वितरित, चेहरों पर खिली मुस्कान

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ, 1 मई।** परतापुर बाईपास स्थित एमआईटी कॉलेज में पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन विष्णु शरण ने 17 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए।

छात्रवृत्ति पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट द्वारा दी गई, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनकी शिक्षा सुगम बनाना है। इस वर्ष बीटेक के 7 और बी फार्मा के 1 छात्र को 30,000 रुपये प्रति छात्र, बीबीए के 3 छात्रों को 16,000 रुपये प्रति छात्र तथा बीसीए के 6 छात्रों को 12,500 रुपये प्रति छात्र के चेक प्रदान किए गए। चेयरमैन विष्णु शरण ने बताया कि 2019 में यह महसूस किया गया कि कई मेधावी छात्र केवल आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे छात्रों की सहायता के उद्देश्य से पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट की स्थापना की गई, जो पिछले सात वर्षों से लगातार आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन निगारिश सैफी ने किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. केएलए खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी प्रिंसिपल डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. गौरव शर्मा और अजय चौधरी सहित कॉलेज के कई अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# एडीजी जॉन मेरठ ने पुलिस बल के साथ निमार्णाधीन पुलिस लाइन का गहनता से निरीक्षण कर संबंधित को दिए दिशा निर्देश



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़**/जनपद में नवनिर्मित निमार्णाधीन पुलिस लाइन के कार्यों को लेकर एडीजी जॉन मेरठ के द्वारा पुलिस बल एवं निर्माण कार्यदायी संस्था, क्वालिटी रूम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ पैदल भ्रमण करते हुए गहनता से निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश। वही इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान डीआईजी मेरठ, कला निधि नैथानी, एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, एडिशनल एसपी विनीत भटनागर, पुलिस क्षेत्राधिकारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

# एक वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद



**बुलंदशहर** थाना ककोड पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान चचूरा नहर पर सतीष ढाबा हिरनौटी के पास से 01 वाहन चोर को चोरी की 01 मोटरसाइकिल सहित पंकज पुत्र यशवीर निवासी ग्राम पीरनगर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# खेत मे पड़ा मिला तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव, ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ के थाना परतापुर के गगोल गांव में बृहस्पतिवार सुबह एक खेत में गुमी रोड पर तीन दिन से लापता सोनी 65 वर्ष पुत्र सुरजा का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। शौच के लिए गए एक बच्चे ने खेत में शव पड़ा देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा। गगोल गांव निवासी सोनी 65 पुत्र सुरजा घर में ही लेदर की बॉल बनाने का काम करता था 28 अप्रैल को सोनी घर से बाहर जाने की बात कह कर निकला था लेकिन वापस नहीं लौटे इसके बाद परिजन परतापुर थाने पहुंचे और गुमशुदगी की दर्ज कराई। बृहस्पतिवार को सोनी का शव गांव के बाहरी छोर पर बदले फार्म हाउस के पीछे एक खेत में पड़ा मिला। शौच के लिए गए एक बच्चे ने खेत में शव पड़ा देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सब का पंचनामा भरकर सब पोस्टमार्टम के लिए भेजा बताया गया कि शव कई दिन से खेत में पड़ा था जो पूरी तरह सड़ चुका था जिससे काफी दुर्गंध भी आ रहे थी मृतक के चचेरे भाई के द्वारा शव की सिनाख्त की गयी मृतक के चार बेटे और दो बेटियां हैं मौत की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया सभी का रो रोकर बुरा हाल था। एएसपी अंतरिक्ष जैन ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर कार्यकताओं की एक मीटिंग आयोजन हुई



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर नगीना देहात अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता ग्राम कोट कादर मंसा सफीक अहमद के निवास स्थान पर इकट्ठा हुए जहां पर सूफी शौकत मलिक की अध्यक्षता दयाराम सिंह के संचालन में एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में 2 मिनट का मौन धारण कर शिकागो के शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड शमशाद हुसैन कहां की आज मजदूरों की ईद का दिन है आज के दिन 1886 में अमेरिका के शहर शिकागो में 8 घंटे काम करने की मांग को लेकर मजदूरों ने हड़ताल की थी फैक्ट्री मिल मालिको ने मजदूरों के ऊपर पुलिस से दमन कराया उनके ऊपर गोली चलाई जिससे सैकड़ो मजदूर शहीद हो गए जो उनके झंडे बैनर थे वह मजदूरों के खून से लाल हो गए पूरी दुनिया में जो लाल झंडा है वह मजदूरों के खून से रंगा हुआ है और आज दो मजदूर 8 घंटे काम करता है उन शहीद मजदूरों की देन है लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने मजदूरों के अधिकारों को छीन लिया है उनके अधिकार खत्म कर दिए गए हैं और फैक्ट्री मालिक मिल मालिकों को मजदूरों की गाड़ी कमाई लूटने के लिए खुली छूट दे दिए आज मई दिवस पर हम मजदूर से अपने अधिकारों के लिए संगठित होने और सरकार से मजदूरों के अधिकार बहाल करने की मांग करते हैं देश में जो संप्रदाय एकता का माहौल बनाकर सांप्रदायिक शक्तियां देश को तोड़ना चाहती है उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने का आह्वान अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा करती है।

# उधार ना देने पर महिला ने लगाया सोने के गहने छीनने तथा मारपीट का आरोपपुलिस जांच में जुटी

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव चिरचिटा उर्फ चिट्टा निवासी सरीदा पत्नी भूरा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपने बेटे फरमान के साथ अपनी परचून की दुकान पर बैठी थी तभी पड़ोस का रोहिल पुत्र आशिक अली दुकान पर आकर समान उधार मांगने लगा तभी प्रार्थी के द्वारा इनकार करते हुए पुराने छः हजार रुपए उधारी के मांग लिए। इसी बात को लेकर रोहिल की मां अफसाना तथा पिता आशिक अली व जमशेद पुत्र फकीरा आ गये और गाली गलौज करते हुए दुकान से खींचकर अपनी घर की तरफ ले जाने का आरोप लगाते हुए बताया कि अफसाना के गले में पहनी लगभग एक तोले की हसली तथा कान में पहने सोने का कुंडल झपट्टा मारकर छीन लिया। हालांकि थाना प्रभारी लोकेश कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि प्रार्थी के द्वारा मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है पुलिस जांच में जुटी है।

# मेरठ के आखिरी स्टेशन मोदीपुरम तक पहुंची नमो भारत, शताब्दी नगर से मोदीपुरम के बीच ट्रायल रन आरंभ



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

वर्तमान में नमो भारत ट्रेन न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर के सेक्शन में परिचालित हो रही हैं, जिनमें न्यू अशोक नगर, आनंद विहार, साहिबाबाद, गाज़ियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ और मेरठ साउथ समेत 11 स्टेशन शामिल हैं। दिल्ली–मेरठ के बीच 82 किलोमीटर संपूर्ण नमो भारत कॉरिडोर के परिचालित होने से ये दूरी महज 55 मिनट में पूरी हो जाएगी। मेरठ मेट्रो समेत इस पूरी परियोजना को इसी साल संचालित करने का लक्ष्य है।

एनसीआरटीसी ने पूरे दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ कॉरिडोर को परिचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज, गुरुवार 1 मई 2025 से दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आखिरी स्टेशन (मेरठ की दिशा में) मोदीपुरम तक ट्रायल रन आरंभ कर दिया। इस श्रृंखला में नमो भारत ट्रेन को शताब्दी नगर से मोदीपुरम के बीच चलाया गया। इस दौरान पहली बार नमो भारत ट्रेन मेरठ के अंडरग्राउंड सेक्शन में भी दौड़ती नजर आई। शहर के अंदरूनी हिस्से को हाई-स्पीड परिवहन के जरिए दिल्ली से जोड़ने की दिशा में यह एक बड़ी उपलब्धि है। अब तक, परिचालित खंड के दोनों छोर पर दो खंडोंः न्यू अशोक नगर तथा सराय काले खां और मेरठ साउथ तथा शताब्दी नगर के बीच ट्रायल रन किए जा रहे थे। आज भारत की प्रथम नमो भारत को परिचालित करने की यात्रा में पहला दिन है जब पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर ट्रैक पर ट्रेनें दौड़ रही हैं। यह एनसीआरटीसी द्वारा हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि है।

ट्रायल रन के दौरान नमो भारत ट्रेन को शताब्दी नगर से बेगमपुलहोते हुए मोदीपुरम स्टेशन तक चलाया गया। सिविल संरचना की अनुकूलता की जांच करने के उद्देश्य से नमो भारत ट्रेनों को ट्रायल के दौरान शुरूआत में, मैन्युअल रूप से संचालित किया जा रहा है। एनसीआरटीसी ट्रायल की इस प्रक्रिया में ट्रेन के एकीकृत प्रदर्शन और सिग्नलिंग, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी), ओवरहेड सप्लाई सिस्टम आदि जैसे विभिन्न उप-प्रणालियों के साथ इसके समन्वय को सत्यापित करने के लिए मूल्यांकन करेगा। जैसे-जैसे परीक्षण आगे बढ़ेंगे, हाई-स्पीड टेस्ट सहित व्यापक ट्रायल रन किए जाएंगे। ट्रायल के दौरान ट्रेन को उसकी डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से भी चलाकर जांचा-परखा जाता है। इस कॉरिडोर पर दिल्ली से मेरठ की दिशा में आगे बढ़ते हुए मेरठ में अंडरग्राउंड सेक्शन का पहला स्टेशन मेरठ सेंट्रल है जहां केवल मेट्रो का स्टॉप होगा। ये स्टेशन फुटबॉल चौक के नजदीक है, जिसके बाद भैसाली और बेगमपुल स्टेशन भी अंडरग्राउंड सेक्शन का हिस्सा हैं। बेगमपुल स्टेशन पर नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सेवाएं मिलेंगी, बाकी दोनों स्टेशनों पर केवल मेरठ मेट्रो का स्टॉप होगा। टैंक चौराहे (बेगमपुल के नजदीक) से फिर मेरठ में एलिवेटेड सेक्शन शुरू होता है, जिसमें एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ और मोदीपुरम स्टेशन शामिल हैं। इनमें से मोदीपुरम स्टेशन पर नमो भारत का स्टॉप होगा, बाकी तीन स्टेशन केवल मेरठ मेट्रो के हैं। इससे पहले मेरठ साउथ से शताब्दी नगर तक नमो भारत के सफल ट्रायल रन किए गए। वहीं, मेरठ सेंट्रल तक के सेक्शन में मेरठ मेट्रो का ट्रायल रन भी जारी हैं। भारत में पहली बार सेमी हाई स्पीड नमो भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही, मेरठ में स्थानीय मेट्रो का परिचालन किया जाएगा। मेरठ मेट्रो कॉरिडोर की कुल लंबाई 23 किलोमीटर है, जिसमें 18 किमी एलिवेटेड और 5 किमी हिस्सा अंडरग्राउंड है। इसके लिए तीन अंडरग्राउंड समेत कुल 13 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। मेरठ में मेरठ साउथ के बाद शताब्दी नगर, बेगमपुल (अंडरग्राउंड) और मोदीपुरम स्टेशनों पर नमो भारत व मेरठ मेट्रो,दोनों की सेवाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों को एक प्रमुख ट्रांजिट हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां से नमो भारत और मेट्रो के अलावा ऑटो, टैक्सी और बस तक की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# सुहागरात पर पत्नी बोली मेरे साथ रहना है तो दाढ़ी कटवानी होगी, मना करने पर पत्नी देवर के साथ फरार हो गई

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के उज्जवल गार्डन कॉलोनी निवासी शाकिर बुधवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचा। आरोप लगाते हुए उन्होंने बताया कि करीब 7 माह पहले मेरा निकाह इंचौली निवासी अर्शी के साथ हुआ था मैं दाढ़ी रखता हूं और अर्शी इसे पसंद नहीं करती थी। निकाह की रात से ही वह लगातार दाढ़ी कटवाने का दबाव बनाने लगी और मुझे खुद को छूने तक नहीं दिया। शाकिर ने बताया कि पत्नी कहती थी कि उसने अपने घरवालों के दबाव में आकर शादी की है। मेरे साथ रहना है, तो दाढ़ी कटवानी पड़ेगी इस पर मैंने दाढ़ी कटवाने से मना कर दिया। शाकिर ने बताया कि मेरे पिता सलीम की 18 साल पहले मौत हो चुकी है। घर पर मां सकीना हैं। जो मानसिक रूप से कमजोर है और मेरा छोटा भाई साबिर भी रहता था। मैं सुबह ही काम पर चला जाता हूं। ऐसे में तीनों लोग घर में अकेले रहते थे। दिनभर मेरी गैरमौजूदगी के चलते पत्नी के भाई से गहरे संबंध हो गए। इसके बाद दोनों घर से भाग गए, मैं करीब 3 महीने से भाई और उसे तलाश रहा हूँ। पत्नी की पुलिस से शिकायत होते ही पत्नी अचानक वापस लौट आई। आशिक देवर के साथ पत्नी बुधवार शाम ही घर लौट आई। पति के घर पहुंचकर पत्नी ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं उसने पति और ननद पर तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्नी का कहना है कि उसका पति शारीरिक रूप से कमजोर है। वहीं उसकी ननद उसे मारती, पीटती और प्रताड़ित करती है। महिला ने कहा कि वो खुशी से अपने देवर के साथ रहना चाहती है। उससे निकाह करना चाहती है। उज्जवल गार्डन में पति को छोड़कर अपने देवर के साथ भागने वाली महिला सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अपनी ससुराल पहुंच गई। जहां उसने बोला कि उसको अपने पति की मर्दानगी पर शक था। इसीके चलते उसे अपने देवर से मोहब्बत हो गई। वह उसके साथ फरार हो गई थी। महिला अर्शी ने कहा कि वो अपने देवर साबिर के साथ रहना चाहती है। कहा कि उसका पति शारिक शारीरिक तौर पर कमजोर है। इतना ही नहीं उसने अपनी ननद पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया है। 3 महीने से घर से गायब पत्नी और छोटे भाई को अचानक सामने देखते ही पति शारिक का खून खौल उठा। उसने तुरंत डायल 112 पुलिस को कॉल कर मौके पर बुला लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। जहां महिला अपने देवर के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। अर्शी ने कहा कि उसकी ननद ने उसके घर को बर्बाद किया। कहा कि पति ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली और उसे ब्लैकमेल करते रहे। कहा कि दाढ़ी का मैटर बिल्कुल झूठ है। आज तक मैंने उनकी दाढ़ी का अपमान नहीं किया। कहा कि पति, और ननद मुझे परेशान करते हैं। महिला ने कहा वो 5 लाख रुपए लेकर आई थी। अब उसे ढाई लाख रुपए चाहिए। अगर पैसे मिले तो वो देवर साबिर के साथ जाकर रहेगी। अगर पैसे नहीं मिले तो वो ऐसे ही रहेगी। कहा कि ननद की वजह से जिंदगी में स्यापा फैल गया है।

# गाली गलौज एवं मारपीट करने के मामले में दलित समुदाय ने एसपी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार




हापुड़/हापुड़ तहसील के गांव कावी में दबंग हठधर्मिता दिखाने वाले पूर्व प्रधान के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर दलित समाज के लोगों के साथ जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें दबंग प्रधान के अत्याचारों से त्रस्त दलित समुदाय के एक दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी जानमाल को खतरा बताते हुए एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह का दरवाजा खटखटाते हुए शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। आपको बता दें कि कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कावी में दबंग पूर्व प्रधान उदयवीर सिंह पुत्र धूम सिंह की हठधर्मिता एवं जाति सूचक शब्दों के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर ग्रामीणों ने अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व प्रधान उदयवीर सिंह के द्वारा 9 अप्रैल की रात्रि को जमीनी विवाद को लेकर गांव में रहने वाले संपूर्ण दलित समुदाय के लोगों को गाली गलौज करते हुए। हरीश पुत्र रामकिशन, गुड़िया पत्नी हरीश, चंद्रपाल पुत्र रामकिशन के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई थी। जब इस संबंध में दलित समुदाय के लोगों के द्वारा पूर्व प्रधान से बातचीत की गई। तो उसने अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए। कहा कि मैं किसी कानून या पुलिस को नहीं मानता हूं मेरा लड़का पुलिस में दरोगा है। मैं किसी से नहीं डरता हूं।जिसको लेकर डरे सहमे दलित समाज के लोगों ने एकत्रित होकर एसपी कुमार ज्ञानेंजय सिंह का दरवाजा खटखटाते हुए शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। इस अवसर पर शिकायती पत्र देने वालों में गौरव, ओमवीर ,संजीव, मोनू किशनराव, तेजवीर, सुभाष, मदन मोहन, दीपक, हरिश्चंद्र, नेपाल, सहित दर्जनों की संख्या मे लोग शामिल रहे।

# खूबसूरत सूट, साड़ी में विजयता सचदेवा ने कराया फोटोशूट

वेलकम इंडिया



वाराणसी से रहने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा की खूबसूरती और फैशन का कोई जवाब नहीं है। वह सोशल मीडिया पर अपने नए लुक के फोटोज शेयर करती रहती हैं। विजयता सचदेवा ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट फेसबुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। उनके इस लुक पर फैंस दिल हार बैठे हैं। उनका यह फोटोशूट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

लेटेस्ट फोटोशूट में विजयता सचदेवा कलर के गाउन में कैमरे की ओर पोज दे रही हैं। उन्होंने अपने लुक को शानदार बनाने के लिए बालों को खुला छोड़ा है और कलाई पर एक वॉच भी बांधी हुई है। नेट का दुपट्टा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम कर रहा है। इन फोटोज को शेयर करते हुए विजयता सचदेवा ने कैप्शन में लिखा, सुनहरी धूप ने कुछ इस तरह से छुआ...., फैंस उनकी इन तस्वीरों को बेहद पसंद कर रहे हैं.

# ग्राम विकास अधिकारी संघ ने एडीओ पंचायत संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** गुरुवार को राजधानी लखनऊ के विकासखण्ड गोसाईगंज के बीडीओ कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला का भव्य स्वागत किया गया।


एडीओ पंचायत संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला का ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष राम बहादुर शर्मा की अगुवाई में संघ के पदाधिकारियों और बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव की मौजूदगी में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला को फूल माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर बधाई दी। ज्ञात हो कि पंचायती राज निदेशालय लोहिया भवन, लखनऊ में 27 अप्रैल 2025 को नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से पहुँचे एडीओ पंचायत ने भाग लिया और सहायक विकास अधिकारी पंचायत सेवा संघ उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्रान्तीय अध्यक्ष के रूप में कमल किशोर शुक्ल और प्रान्तीय महामंत्री के रूप में संजय सिंह को निर्विरोध चुना गया और शशांक सक्सेना मंत्री, सतीश चतुवेर्दी संगठन मंत्री, हंशराज संप्रेक्षक, देवेश कन्हैया संयुक्त मंत्री, अशोक कुमार यादव उपाध्यक्ष, आशुतोष मिश्र उपाध्यक्ष, आनन्द मोहन उपाध्यक्ष, नितिन जैन उपाध्यक्ष, सीताराम उपाध्यक्ष, एंव शांति शरण सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया था।

# मजदूर दिवस पर मेहनतकश हुए सम्मानित

**शिकारपुर**/मजदूर दिवस के उपलक्ष में विकास क्षेत्र शिकारपुर के आदर्श प्राथमिक विद्यालय भैंसरौली नसीरपुर में मजदूर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इको क्लब के पदाधिकारी बच्चों के द्वारा आमंत्रित समस्त मजदूर साथियों का तिलक लगा कर उनका स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ मनमोहन रोहिला ने बताया कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य सर्वश्रेष्ठ होता है। प्रधान पति नकुल ने बताया कि किसी भी राष्ट्र के प्रगति में मजदूर साथियों की मेहनती भूमिका रहती है। उन्होंने और बताया कि हमारे गांव में हुए विकास कार्य में मजदूर साथियों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान राकेश कुमार, ओमवती देवी, भगवती देवी, भूरी देवी आदि मेहनतकशों को मिठाई का डिब्बा तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार के अध्यापिका गण दीपिका रानी, सविता कुमारी, शिवानी, शिक्षामित्र पुष्पा शर्मा, आंगनबाड़ी सुनीता, सीमा एवं कुसुम आदि रहे।

# पत्नी के पति ने गहने जेवरात चोरी कर पत्नी के खाते से उड़ाये पैसे

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** हापुड़ के थाना सिम्भावली क्षेत्र के गाँव दतियाना का बताया जा रहा है मामला मिली जानकारी के अनुसार हम आपको बता दे मामला इस कदर है की पत्नी राखी ऊर्फ भूरी ने पति से परेशान होकर कई बार शिकायत दर्ज कराई थी जिसमे की कई बार कानूनी कार्यवाही हो चुकी है अतः आज दिनांक 1/05/2025 को पीड़िता ने आज पुलिस अधीक्षक महोदय जी से इंसाफ की गुहार लाई है पीड़िता राखी ऊर्फ पत्नी देवेंद्र पुत्र ओमकार के साथ कई वर्ष पूर्व हिन्दू रीती रिवाज के साथ बड़े ही धूम धाम से की थी और चार पहिया का वाहन भी दिया था लेकिन पीड़िता कुछ दिन बाद से ही बहुत परेशान रहने लगी पीड़िता के साथ बहुत अत्या चार हो रहा हैं और पीड़िता का सामान जेवरात आए दिन कोई ना कोई चोरी कर लेता है पीड़िता कई बार शिकायत कर चुकी है अच्छा आज भी पुलिस अधीक्षक महोदय जी के पास शिकायत करने गई पीड़िता को बहुत बुरी तरह से मारा और कई बार शिकायत कर चुकी फिलहाल पुलिस अधीक्षक मोदी जी के यहां पर जाकर शिकायत पत्र दिया और कार्रवाई की मांग की।

# अजितेश अग्रवाल नें 96 % अंक प्राप्त कर किया बॉयज हाई स्कूल का नाम रोशन

वेलकम इंडिया



प्रयागराज में हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट के परीक्षाफल में प्रयागराज के बच्चों ने फिर परचम लहराया है। इसी क्रम में ब्वायज हाई स्कूल के दसवीं के छात्र अजितेश अग्रवाल ने इंग्लिश में 97% कंप्यूटर साइंस में 99% तथा जीव विज्ञान में 99% अंक प्राप्त किया। अजितेश का सपना डॉक्टर बनके देश की सेवा करने का है। अपनी इस सफलता का श्रेय यह अपने सारे अध्यापकों तथा अपने परिवार वालों को देते हैं।

# थाना प्रभारी ने कस्बे के बाजार में पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**सादाबाद।** थाना प्रभारी योगेश कुमार ने गुरुवार रात पैदल ही कस्बे के बाजारों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने रात्रि गश्त के दौरान ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों से कहा कि वे आने-जाने वाले लोगों व वाहनों को बारीकी से जांच करें और संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है। परेशानी होने पर सूचना दें, समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिदिन कस्बे में पैदल गश्त व रात्रि गश्त की जा रही है। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा महसूस कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि यह गश्त सादाबाद में नियमित चलती रहेगी। थाना प्रभारी योगेश ने कहा कि वाहनों में भ्रमण करने से संदिग्ध व्यक्ति पुलिस वाहन देख और सायरन सुनकर सचेत हो जाते थे। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारी संदिग्ध स्थलों तक पहुंचकर जांच कर सकते हैं। इससे वारदात को अंजाम देने की योजना बनाने वाले पहले ही गिरफ्त में आ सकते हैं।

# श्रमिक दिवस पर सामुदायिक सहायकों को किया सम्मानित

औरंगाबाद/ बुलंदशहर




मई दिवस पर एन पी एस पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जहां एक ओर स्कूली बच्चों ने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से सामुदायिक सहायकों की भूमिका का महत्व बताया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की वहीं दूसरी ओर समाज सहायकों को स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित कर उनका गौरव बढ़ाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एडवोकेट ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि समाज के संचालन में सामुदायिक सहायकों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। उनके सहयोग के बिना कोई भी कार्य सुचारू रूप से व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न नहीं हो सकता। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए एक मई को श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूली बच्चों ने विभिन्न सहायकों किसान मजदूर दूधिया सैनिक नर्स चिकित्सक जज शिक्षक पुलिस अधिकारी सेफ कुली आदि के वेश धारण किए। बच्चों ने लघु नाटिका प्रस्तुत कर सामुदायिक सहायकों का महत्व बताया और पोस्टर स्लोगन लिखे जिनमें उनके महत्व और उपयोगिता तथा कृतज्ञता की अभिव्यक्ति की गई।

# नशा जीवन की समाप्ति के लिए धीमा जहर है..डॉ इंदर गोयल

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : अखिल भारतीय सेवा संघ शाखा सिरसा द्वारा सुरखाब चौक पर आयोजित नशा मुक्ति अभियान एक सराहनीय पहल है, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इंदर गोयल ने कहा की इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलती है और कहा की नशा जीवन समाप्ति के लिए धीमा जहर है।

शाखा अध्यक्ष सूरज बंसल ने कहा की लेबर डे पर मजदूरों को नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देना और उन्हें समोसा जलेबी का प्रसाद वितरण करना एक अच्छा तरीका है समाज में जागरूकता फैलाने का। शाखा सचिव श्री अशोक चाचान ने कहा की इस अभियान के माध्यम से अखिल भारतीय सेवा संघ ने समाज में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलती है और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है। डा. इंदर गोयल ने बताया की भूख या नींद के पैटर्न में बदलाव, वजन में कमी या वृद्धि, आंखों में लालिमा या पुतलियों में बदलाव, धुंधली बोली या समन्वय में समस्याएं, कंपकंपी या झटके नशा के कारण है। बढ़ती गोपनीयता या झूठ बोलना, सामाजिक गतिविधियों से दूरी, जिम्मेदारियों की उपेक्षा, वित्तीय समस्याएं, मूड स्विंग या चिड़चिड़ापन नशा के व्यवहारिक लक्षण हैं। यदि आप या कोई आपके जानने वाला इन लक्षणों का अनुभव कर रहा है, तो एक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या एडिक्शन विशेषज्ञ से मदद लें। कार्यक्रम में संजीव मेहता, मदन लूथरा, दिनेश गुप्ता, चेतन मेहता, नीलेश बंसल, जोगिंदर कुमार, कृष्ण अरोड़ा और अन्य सदस्य थे।

# शिक्षा को अपनी पारिवारिक आवश्यकता समझते हुए बच्चों को हर हाल में पढ़ाएं: सुमन सैनी

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि किसी भी सफलता के लिए शिक्षा और संस्कार सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। हलके के लोगों शिक्षा को अपनी पारिवारिक आवश्यकता समझते हुए अपने बच्चों को हर हाल में पढ़ाना सुनिश्चित करें। एक शिक्षित बच्चा अपने परिवार के साथ- साथ गांव, समाज और प्रदेश का विकास करने में अहम योगदान देगा। किसी भी परिवार को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कोई भी मदद चाहिए, तो उसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय हमेशा सहयोग के लिए तैयार मिलेगा। हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी वीरवार को अनाज मंडी धर्मशाला में आयोजित ऐच्छिक अनुदान सहायता राशि के चैक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। मुख्यमंत्री की लाडवा विधानसभा के 108 परिवारों आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्पेशल अनुदान सहायता राशि के चैक वितरित किए गए। इनमें पिपली खंड के 50 परिवार, बाबैन खंड के 35 परिवार और लाडवा खंड के 23 परिवार शामिल है। इससे पहले एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया ने हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी सैनी का स्वागत किया। हरियाणा बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शपथ लेते ही अपनी विधानसभा के सभी गांवों का सर्वे करवाया। इस दौरान जो व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर है और उसके परिवार में आमदनी का कोई साधन नहीं है। ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया, जिनमें से आज 108 परिवारों को स्पेशल अनुदान सहायता राशि के तौर पर चैक वितरित किए गए। जो परिवार बच गए हैं उनको भी जल्द ही सहायता मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक सहायता के तौर पर जो राशि दे रही है, उसे राशि को परिवार अपने बच्चों को उच्च स्तर की पढ़ाई करवाने में प्रयोग करें, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है और अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोग कर करेगा।

# चुनौतियां मुझे पसंद हैं, नवपीढ़ी के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ: सीएम योगी

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ, 01 मई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संघर्षों और प्रेरणादायक जीवन पर आधारित पुस्तक ह्चचुनौतियां मुझे पसंद हैं का विमोचन किया। गुरुवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के संघर्षमय जीवन की शून्य से शिखर तक की प्रेरणादायक यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह पुस्तक नवपीढ़ी के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ की तरह है।




सीएम योगी ने कहा कि गुजरात के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के सबसे बड़े राज्य की राज्यपाल बनने तक की यात्रा आसान नहीं थी। यह पुस्तक बताती है कि जब कोई महिला सामाजिक बंधनों, संसाधनों की कमी और परिस्थितियों की चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तो वह समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ह्चचुनौतियां मुझे पसंद हैं पुस्तक केवल एक जीवनी नहीं बल्कि जीवन के हर उस पहलू को उजागर करती है जो संघर्षों के बाद सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी कहती है। उन्होंने इसके लेखक विनय जोशी, अशोक देसाई और पंकज जानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस ग्रंथ को 14 अध्यायों में उस तरह रचा है जैसे समुद्र मंथन से निकले 14 रत्न। सीएम योगी ने कहा कि हम अक्सर शिखर देखते हैं लेकिन यह नहीं देखते कि उस शिखर की नींव कितने संघर्षों से बनी है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का जीवन इस बात का प्रमाण है कि कोई भी व्यक्ति यदि कठिनाइयों का सामना हिम्मत और संकल्प के साथ करता है तो वह दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उपराष्ट्रपति के मार्गदर्शन में महाकुंभ को वैश्विक पहचान मिली- योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति को कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने वालाह्ल बताते हुए कहा कि ह्लमहाकुंभ के समय भी उपराष्ट्रपति जी की उपस्थिति ने हमें नई प्रेरणा दी थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उपराष्ट्रपति जी के मार्गदर्शन में महाकुंभ को वैश्विक पहचान मिली। सीएम योगी ने लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को जरूरी बताते हुए कहा कि चुनौतियां मुझे पसंद हैं जैसी रचनाएं लोकतंत्र को मजबूत करने वाली होती हैं। यह पुस्तक केवल एक जीवनी नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संघर्ष, आत्मविश्वास और नारी शक्ति का समग्र चित्रण है।

# एन एच 74 पर सर्विस लेन की मांग को लेकर चल रहे धरने प्रदर्शन पर पहुंच कर डीएम से आंदोलन कार्यों से वार्ता कराई



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नजीबाबाद के कल्हेड़ी में एन एच 74 पर सर्विस लेन की मांग को लेकर चल रहे धरने प्रदर्शन पर पहुंच कर जिलाधिकारी जसजीत कौर से दूरभाष पर तथा एन एच के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आंदोलन कार्यों से वार्ता कराई गई

अधिकारियों ने 10 दिन में सर्विस लेन पर सड़क बनाने का काम शुरू करने का आश्वासन दिया संगठन के द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि वायदा खिलाफी हुई तो 17 तारीख से हाईवे का काम बंद करा दिया जाएगा जिलाधिकारी तथा न के अधिकारियों के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है साथ में जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही जिला महामंत्री नितेंद्र प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम सिंह तहसील अध्यक्ष सरदारी इकबाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कुलबीर सिंह तथा नजीबाबाद ब्लॉक की पूरी कमेटी मौजूद रही।

# झूठ बोलकर 6 साल तक नौकरानी का यौन शोषण करने वाले शादीशुदा किसान के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शादीशुदा एक बच्चे के पिता किसान के द्वारा उसके खेतों पर मजदूरी करने वाली नौकरानी के साथ झूठ बोलकर यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव निवासी युवती ने ततारपुर गांव निवासी किसान विशाल के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि वह विशाल के खेत पर मजदूरी करती थी इसी बीच विशाल ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और झूठ बोलकर 6 साल तक यौन शोषण करता रहा। काफी दवाब बनाने पर विशाल ने उसे कोर्ट मैरिज किया। और लगातार संबंध बनाता रहा। लेकिन जब उसे पता चला कि विशाल शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता है। तो पद थाने विरोध किया जिस पर विशाल पीड़ित युवती को अपने साथ रखने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिसको लेकर पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है। दोषी को किसी भी हाल में नहीं बक्शा जायेगा।

# मोदी ग्लोबल स्कूल में श्रमिक दिवस के मनाया गया

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** हर साल 1 मई को पूरी दुनिया में मजदूर दिवस या अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन मजदूरों और श्रमिकों के समर्पण, अधिकारों और संघर्षों को समर्पित है। सभी छात्रों में श्रमिकों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने हेतु डॉ.के.एन.मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा ने 1 मई 2025 को विद्यालय में श्रमिक दिवस मनाया गया। इस दिन विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया मंच संचालन का कार्य भार कक्षा 6 के छात्र नक्ष ने किया। कक्षा 7 के छात्र कृष्ण त्यागी ने हिंदी में एवं कक्षा 6 की छात्रा राधिका गुप्ता ने अंग्रेजी में छात्रों को श्रमिक दिवस से अवगत कराया। इसके पश्चात कक्षा 5 के छात्र राम चौधरी ने श्रमिक दिवस पर एक बहुत ही सुंदर कविता की प्रस्तुति दी। नन्हे नन्हे छात्रों ने अलग-अलग मजदूरों की वेशभूषाओं को धारण किया एवं परिचय दिया जिसे देख सभी ने जोरदार तालियां बजाई। कक्षा 6 एवं 7 के छात्र छात्राओं ने मजदूर दिवस पर एक बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी व इस आयोजन में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी श्रमिकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा ,विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना, कोऑर्डिनेटर आकांक्षा शर्मा, सभी शिक्षक गण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना ने सभी छात्र-छात्राओं को सभी कर्मचारी एवं श्रमिकों का सम्मान करने हेतु मार्गदर्शित किया। इस प्रकार सभी श्रमिकों ने आज के दिन अत्यधिक सम्मानित अनुभव किया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र मजबूत होगा : डॉ मंजू शिवाच




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** एक राष्ट्र एक चुनाव के अंतर्गत मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्हन बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्र मोहन (प्रदेश मंत्री ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्र मोहन जी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी संसाधनों की बबार्दी रुकेगी साथ ही सुरक्षा बलों पर दबाव भी कम होगा ।जिसे आमजन की भागीदारी मतदान में बढ़ेगी एवं देश का लोकतंत्र भी मजबूत होगा। इस मोके पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, रीता बक्शी, डॉ योगेश सिंघल , दिनेश सिंघल, आकाश शर्मा (मण्डल अध्यक्ष), नवेंद्र गॉड, अमित चौधरी, देवेंद्र चौधरी, उपस्थित रहे ।चमेली देवी दुर्गा प्रसाद स्मारक कन्या इंटर कालेज मे मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# मोबाइल रिचार्ज की आड़ में लूट, मिर्ची पाउडर झोंककर युवक से छीने रुपये



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मोबाइल रिचार्ज के बहाने एक युवक की आंखों में मिर्ची पाउडर झोंककर नकदी लूट ली गई। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से नकदी, मोबाइल, आधार और एटीएम कार्ड सहित वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली है ।घटना 30 अप्रैल को नगर के अंबेडकर चौक स्थित मोबाइल दुकान पर हुई, जहां एक युवक रिचार्ज कराने के बहाने आया और मौका पाकर दुकानदार की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंक दिया। इसके बाद वह गल्ले से नकदी निकालकर फरार हो गया। पीड़ित सुहैल नूर पुत्र नूर आलम निवासी मोहल्ला कटकई की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस की पकड़ में तीन युवक आए– फरमान पुत्र उस्मान निवासी ग्राम बगवाड़ा, थाना स्योहारा, मुज्जमिल पुत्र अनवर और अयान पुत्र मेहराज, दोनों निवासी मोहल्ला सराय रफी, थाना चांदपुर। पूछताछ में तीनों ने साजिश रचकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। मुज्जमिल और फरमान ने दुकान की रैकी की, और फिर फरमान ने रिचार्ज के बहाने पहुंचकर मिर्ची पाउडर से हमला कर नकदी लूट ली। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7,050 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल, तीन एटीएम कार्ड और दो आधार कार्ड बरामद किए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि फरमान और मुज्जमिल पर पहले से कई संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें अपहरण, जानलेवा हमला, मारपीट और धोखाधड़ी शामिल हैं। अयान की भूमिका भी मुख्य रूप से सक्रिय रही।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय तोमर, स्वाट प्रभारी सतीश मलिक, सर्विलांस प्रभारी विकास कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। पुलिस अब इस गिरोह की पूर्व आपराधिक गतिविधियों की गहराई से जांच कर रही है।

# अमरजीत सिंह (बिडडी) की छोटी बिटिया की रिंग सेरेमनी का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ)।** ईश्वर की कृपा और पूर्वजों के आशीर्वाद से चेयरमैन अमरजीत सिंह (बिडडी) प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता उत्तर प्रदेश, की छोटी बिटिया की रिंग सेरेमनी का कार्यक्रम कल वेदांता फार्म, गाज़ियाबाद में अत्यंत हर्षोल्लास और सादगीपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, बिजनौर सांसद चंदन चौहान, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार,' कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा,' केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निजी सलाहकार वीरपाल मलिक, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, के बहनोई विक्रम सिंह ,' केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, के निजी सचिव समरपाल सिंह,' इफको के पूर्व निदेशक मा. शीशपाल सिंह, कोऑपरेटिव बैंक गाजियाबाद के अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह,' बागपत जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर, मेरठ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी,' नोएडा जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी,' गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा,' मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी,' यशोदा हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ दिनेश अरोड़ा' डॉ जितेंद्र वीर सिंह चिकारा' रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चैयरमैन,' शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थाना भवन विधायक अशरफ अली खान' महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत' पुष्पेंद्र चौधरी सहारनपुर' मुकेश व राकेश चौधरी मुजफ्फरनगर' रिटायर्ड आईएएस वीके पंवार' रिटायर्ड आईएएस ओमवीर सिंह ,' रिटायर्ड डिप्टी एसपी एस एस लौर' रिटायर्ड डिप्टी एसपी किशन सिंह तालान आदि रहे।

# कन्या इंटर कालेज मे मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** सोन्दा गांव स्तिथ चमेली देवी दुर्गा प्रसाद स्मारक कन्या इंटर कालेज मे मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कालेज की प्रधानाचार्य गायत्री देवी ने बताया 25 अप्रैल को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। परीक्षा परिणाम में चमेली देवी दुर्गा स्मारक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल की छात्रा कोहिनूर ने 91.33 प्रतिशत के साथ पहला स्थान,प्रिया ने 90.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान,जिया ने 88.83 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने कालेज गाँव और माता पिता का नाम रोशन किया। वही इंटरमीडिएट में इशिका, कशिश चौधरी,प्रियासी,राजुल,रिया,गहना,रिया ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। कॉलेज की प्रधानाचार्य गायत्री देवी एवं सोन्दा ग्राम प्रधान रजनीश त्यागी,ड्बाना ग्राम प्रधान अजय,डिडौली ग्राम प्रधान ललित त्यागी,पेंगा ग्राम प्रधान उपदेश पवार ने निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस दौरान शिक्षिकाओं में मुख्य रूप से पूजा सक्सेना,मनीषा तोमर, अमिता वर्मा, प्रतिभा, राजश्री, सोनिया,सीमा त्यागी, गरिमा, रीशु,रजत रंजन, रविन्द्र कुमार शगुन, तोशी, रेखा, खुश्बू, माधुरी,प्रीति आदि मौजूद रहे।

# लू,हीट वेव से बचाव प्रबंधन एवं जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** तुलसी राम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ह्लह्ललू वेव से बचाव प्रबंधन एवं जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विद्यार्थियों को इसके लक्षण व बचाव के उपाय से पूर्णतः अवगत कराया गया। इस अवसर पर कक्षा छठीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाषण, चार्ट, पोस्टर आदि द्वारा लू से बचने के उपाय को बहुत ही उत्तम तरीके से दशार्या तथा अपने भाव प्रकट किए। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी जी ने सभी बच्चों को धूप में ज्यादा देर तक न रहने हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने के लिए व खूब पानी पीने के लिए प्रेरित किया। गौरव माहेश्वरी व श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने बच्चों को कहा धूप में न निकालें, यदि जरूरी हो तो छाता लेकर निकलें तथा ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करें विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी ओहरी ने बच्चों से कहा कि गर्मी का मौसम मई से शुरू होकर जून और जुलाई तक जारी रहता है इसलिए धूप में निकलने से पहले दो गिलास पानी अवश्य पीएं ।इस मौसम में ओ0 आर0 एस0 का घोल, नारियल पानी, छाछ, नीबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है।



# दुर्गावती देवी सभागार में भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक, 33 आवेदनों का निस्तारण, सील हुए आरओ प्लांट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले में भूजल दोहन की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण और इसकी सुचारू निगरानी के उद्देश्य से दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने की। बैठक उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन और विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद के बैनर तले आयोजित की गई थी, जिसका प्रमुख उद्देश्य घरेलू और कृषि उपयोग के लिए कूप पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) तथा उनके नवीनीकरण से संबंधित 33 आवेदनों के निस्तारण पर चर्चा करना था। सभी आवेदनों को राज्य सरकार के निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया गया था। बैठक में कई विभागों के अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए जिनमें नोडल अधिकारी सृष्टि जायसवाल, अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार शर्मा, सहायक उपायुक्त



रतिका गुप्ता, सहायक अभियंता एन.के. पांडे, अश कुमार, सी.पी. सिंह रावल, रामदत्त, क्षेत्रीय अधिकारी संजय कुमार, सहायक जिला उद्यान अधिकारी ओमदत्त शर्मा, एरिया मैनेजर विकास यादव, कृषि अधिकारी अमित कुमार तथा जल विशेषज्ञ (हाइड्रोलॉजिस्ट) अंकिन्ता राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में तीन मुख्य मुद्दों पर चर्चा की गई। सबसे पहले, घरेलू और कृषि उपयोग के लिए नए कूपों के पंजीकरण, एनओसी प्राप्त करने तथा पहले से जारी एनओसी के नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों का गहन परीक्षण किया गया। कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कूप पंजीकरण के लिए 7 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 5 को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, कूप के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्राप्त 6 आवेदनों में से केवल 2 को स्वीकृत किया गया, जबकि एनओसी के नवीनीकरण हेतु 20 आवेदन प्राप्त हुए थे जिन्हें तय मानकों की पात्रता सिद्ध करने के बाद राज्य प्राधिकरण, लखनऊ को ऑनलाइन अग्रसारित करने के निर्देश प्राप्त हुए। दूसरे अहम बिंदु के तहत अवैध रूप से संचालित आरओ प्लांट और कार धुलाई केंद्रों से हो रहे अवैध भूजल दोहन की शिकायतों पर संज्ञान लिया गया। पूर्व में दिए गए निदेशों के तहत 30 दिन की समयसीमा में स्वेच्छा से बोरवेल कनेक्शन बंद कर शपथपत्र जमा न करने वाले प्लांट संचालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। कुल 6 प्लांट संचालकों को नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से 3 ने शपथपत्र देकर संचालन बंद करने की सूचना दी, जबकि शेष 3 आरओ प्लांट सील कर दिए गए और उन पर दो-दो लाख रुपये का जुमार्ना भी अधिरोपित किया गया। बैठक के तीसरे और अंतिम विषय के तहत, पिछली बैठक में उठाई गई शिकायतों के आलोक में 61 हाउसिंग सोसाइटियों द्वारा अवैध रूप से भूजल दोहन करने के मामलों की समीक्षा की गई।

# भाजपा सरकार के खिलाफ सपा का हल्ला बोल




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला बोलते हुए राज्यसभा सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन को लगातार जान से मारने की धमकियों, उनके आवास और काफिले पर हुए हमले, तथा उत्तर प्रदेश में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग के लोगों पर हो रहे उत्पीड ? के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन्हीं घटनाओं के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें पीड़ितों को न्याय दिलाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को विगत दिनों से लगातार जान से मारने की धमकियाँ मिल रही हैं। इतना ही नहीं, पांच दिन पहले जब वे बुलंदशहर की ओर जा रहे थे, तब अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेना के लोगों ने हमला कर दिया।

# जातिगत जनगणना का निर्णय ऐतिहासिक, अब राजनीति में हर स्तर पर दिखेगी पगड़ी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्र सरकार की ओर से जातिगत जनगणना कराए जाने के फैसले को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू ने इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि इससे देश के उन वर्गों को भी उनकी सही हिस्सेदारी मिलने का रास्ता साफ होगा, जिन्हें अब तक उनकी जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया था। टीटू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी केंद्रीय कैबिनेट का आभार जताते हुए कहा, हमारे, आपके और पूरे देश के प्रधानमंत्री कितनी दूर की सोचते हैं, यह फैसला उसकी मिसाल है। वे हर बार अपने फैसलों से देश को चौंकाते हैं और



आगे बढ़ाते हैं। जातिगत जनगणना का निर्णय वास्तव में ऐतिहासिक है और इसका स्वागत पूरे समाज को करना चाहिए। उन्होंने विशेष तौर पर सिख और पंजाबी समाज की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस फैसले से अब इस समाज को भी बराबर की साझेदारी मिल सकेगी, फिर चाहे वो पंचायत हो, नगर निकाय हो, विधानसभा हो या फिर संसद। टीटू ने कहा, हमारी संख्या के बावजूद आंकड़ों के अभाव में हमें अक्सर उपेक्षा का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब जब वार्ड स्तर से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक हर क्षेत्र में वास्तविक जनसंख्या सामने आएगी, तो भागीदारी देने से कोई इनकार नहीं कर सकेगा। उन्होंने आगे कहा, अब समय आ गया है कि देश की हर लोकतांत्रिक संस्था में पगड़ीधारी यानी सिख समाज की उपस्थिति नजर आए। हमें विश्वास है कि यह फैसला हमारे समाज के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व के नए दरवाजे खोलेगा। टीटू ने इस फैसले को सामाजिक समरसता की दिशा में एक ठोस कदम बताया और कहा कि इससे समस्त वंचित वर्गों को अपनी असली स्थिति का आंकलन मिलेगा और सरकारें भी नीतियों के निर्माण में जमीनी हकीकत के आधार पर निर्णय ले सकेंगी।

# फील्ड में उतरने, जवाबदेही तय करने और नेटवर्क मजबूत करने के डिप्टी कमिश्नर ने दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गुरुवार का दिन गाजियाबाद आबकारी विभाग के लिए चेतावनी की घंटी लेकर आया। मेरठ मंडल के उप आबकारी आयुक्त राकेश कुमार सिंह ने जिला आबकारी कार्यालय में अचानक निरीक्षण और समीक्षा बैठक कर विभागीय कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अगर गाजियाबाद जैसे संवेदनशील जिले में कार्यरत हैं तो नतीजे देने होंगे। दिखावे या फॉर्मेलिटी से काम नहीं चलेगा। उन्होंने साफ कहा कि अब केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। हर अधिकारी को फील्ड में उतरकर जमीनी स्तर पर सक्रियता दिखानी होगी, वरना जवाबदेही तय की जाएगी। उप



आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि गाजियाबाद एक बेहद संवेदनशील जिला है, जहां बाहरी राज्यों से अवैध शराब की तस्करी हमेशा एक बड़ा खतरा बनी रहती है। ऐसे में केवल रूटीन निरीक्षण या बैठकों से हालात नहीं सुधरेंगे। जरूरत है कि हर दिन धरातल पर उतरकर ठोस कार्रवाई की जाए और अवैध शराब के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि विभाग का मूल उद्देश्य सिर्फ राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि अवैध शराब के कारोबार को जड़ से खत्म करना भी है। इसके लिए ठोस रणनीति बनाकर उस पर तुरंत अमल जरूरी है। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर किसी अधिकारी के क्षेत्र में अवैध शराब, ओवर रेटिंग या बिना लाइसेंस के शराब परोसने की शिकायत सामने आती है तो संबंधित सिपाही और निरीक्षक के साथ-साथ जिला आबकारी अधिकारी भी जिम्मेदार माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि आबकारी अधिकारियों को अब केवल कार्यालय में बैठकर रिपोर्ट तैयार करने या फोन पर जानकारी लेने की आदत छोड ?ी होगी। हर इंस्पेक्टर को प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फील्ड में जाकर कार्य करना होगा, दुकानों की चेकिंग करनी होगी और शराब तस्करों पर दबिश देनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की जांच गुप्त रूप से की जाए। इसके लिए गुप्त रूप से टेस्ट परचेजिंग की जाए और ग्राहकों से भी बातचीत कर विक्रेताओं की गतिविधियों की जानकारी ली जाए। उप आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा की कि अब मेरठ से प्रवर्तन की एक टीम गाजियाबाद में जनपदीय टीम के साथ मिलकर निरीक्षण करेगी। यदि प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान किसी अधिकारी की लापरवाही या कार्य के प्रति उदासीनता पाई गई तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी कागजात तैयार करके किशोर की कृषि भूमि का बैनामा करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। फर्जी कागजात तैयार करके 12 वर्षीय किशोर की कृषि भूमि का बैनामा करने का मामला सामने आया है। बैनामा कराते समय किशोर के स्थान पर किसी अन्य बालिग व्यक्ति खड़ा किया गया। आरटीआई एक्टिविस्ट की शिकायत पर पुलिस ने जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज की है। नगर की डबल स्टोरी कॉलोनी निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट आकाश चौधरी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि मोदीनगर तहसील के गांव रघुनाथपुर निवासी 12 वर्षीय किशोर दीपक पुत्र राजकुमार की कृषि भूमि का बैनामा मोदीपोन की कावेरी एन्कलेव निवासी विपिन कुमार ने कर लिया है। नियमानुसार 12 वर्षीय बच्चा बैनामा नहीं कर सकता है। 19 दिसम्बर 2024 को बैनामा कराया गया। आरोप है कि फर्जी कागजात तैयार कर दीपक के स्थान पर किसी अन्य बालिग व्यक्ति को दीपक बनाकर बैनामा कराया गया। बैनामा कराने के बाद लेखपाल से साठगांठ कर कृषि भूमि का दाखिल खारिज भी करा लिया है। एसीपी मोदीनगर ने मामले की जांच एंटी फ्रांड सेल से कराई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर मोदीनगर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# क्विक सिल्वर चंद्रशेखर आजाद का ऐतिहासिक मंचन, दर्शकों ने दी देशभक्ति को सलामी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से थर्टीन स्कूल ऑफ टैलेंट डेवलपमेंट द्वारा प्रस्तुत नाटक 'क्विक सिल्वर चंद्रशेखर आजाद' का भव्य मंचन गाजियाबाद में संपन्न हुआ। देशभक्ति से ओतप्रोत इस नाट्य प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों को भावविभोर किया, बल्कि थियेटर प्रेमियों से खचाखच भरे सभागार में देर तक तालियों की गूंज सुनाई दी। नाटक के लेखक, परिकल्पक और निर्देशक अक्षयवरनाथ श्रीवास्तव हैं, जो देश के विख्यात नाट्य निर्देशक माने जाते हैं। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद के जीवन



और उनके बलिदान को जिस भावपूर्ण तरीके से मंच पर उतारा, उसने दर्शकों को 20वीं सदी के क्रांतिकारी आंदोलन की ज्वलंत तस्वीरें दिखा दीं। नाटक की शुरूआत 15 वर्षीय चंद्रशेखर को एक ब्रिटिश मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किए जाने के दृश्य से होती है, जहाँ उन्हें एक अंग्रेजी दरोगा को पत्थर मारने के जुर्म में लाया गया है। अदम्य साहस और निर्भीकता के साथ जब बालक चंद्रशेखर आरोपों का सामना करता है, तो अंग्रेज जज हक्के-बक्के रह जाते हैं। गुस्से में आकर वे 15 बेंत मारने की सजा सुनाते हैं। यह दृश्य दर्शकों को गहराई से झकझोर गया। एक दृश्य में चंद्रशेखर जब भगत सिंह को जेल से छुड़ाने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू के इलाहाबाद स्थित आनंद भवन जाते हैं, तो नेहरू के इंकार और समझौते की सलाह के बाद चंद्रशेखर आहत हो उठते हैं और अल्फ्रेड पार्क चले जाते हैं, जहाँ अंततः वे अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अंतिम गोली खुद को मारकर शहीद हो जाते हैं।

# अवैध पटाखों के कच्चे माल के 25 कट्टे की बरामद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। टीला मोड़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को अवैध पटाखों के कच्चे माल के 25 कट्टे की बरामदगी करते हुए पुलिस टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इस कच्चे माल में लगभग 80 किलोग्राम बारूद भी मिला है। आरोपी तिलमोड़ थाना क्षेत्र की भारत सिटी सोसाइटी के फ्लैट में रहते हैं। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात दोनों आरोपी हापुड़ से पटाखे बनाने का कच्चा माल खरीद कर लाए थे, जिसे उन्होंने अपनी फ्लैट की पार्किंग में लाकर रख दिया था। गुरुवार सुबह दोनों आरोपी कार में माल को भर कर लोनी में अवैध रूप से संचालित हो रही पटाखा फैक्ट्री में लेकर जा रहे थे। इसी दौरान दोनों आरोपी मोहित गोस्वामी और रिंकू पांचाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी गौरव मावी के लिए काम करते है, जो लोनी में अवैध रूप से पटाखों की फैक्ट्री का संचालन कर रहा है।

# वन नेशन, वन इलेक्शन पर आधारित भारत विकास यात्रा हेतु योजना बैठक संपन्न हुई








वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,** आगामी 10 मई को प्रस्तावित ₹भारत विकास यात्रा₹ की तैयारियों एवं प्रदेश के संगठन महामंत्री माननीय धर्मपाल सिंह जी के गाजियाबाद महानगर में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक राजनगर एक्सटेंशन में गोल्डन व्यू रिजॉर्ट में आयोजित की गई।.

इस संकल्प को और व्यापक जनसमर्थन देने हेतु 10 मई को एक ऐतिहासिक आयोजन। ₹भारत विकास यात्रा₹ समयः सांय 6:00 बजे प्रारंभ स्थानः ठाकुरद्वारा (चंद्रशेखर जी की प्रतिमा) से प्रारंभ होकर सेठ मुकुंद लाल स्कूल होते हुए बलिदान पथ, नवयुग मार्केट तक संपन्न होगा। बैठक में मयंक गोयल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कार्यक्रम के पर्यवेक्षक अभिषेक कौशिक, पूर्व अध्यक्ष बलदेव राज शर्मा अमर दत्त शर्मा अशोक मोगा पूर्व महापौर आशु वर्मा, आशा शर्मा, कृष्ण वीर सिरोही, महामंत्री सुशील गौतम, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, तथा सरदार एस.पी. सिंह समन्वयक, अभिनव जैन सह समन्वयक, प्रदीप चौधरी मीडिया समन्वयक सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की कार्ययोजना की समीक्षा कर अपने सुझाव दिए।

# टीबी अस्पताल को पुराने महिला अस्पताल में शिफ्ट करने की बाधा खत्म

**गाजियाबाद**। टीबी अस्पताल को पुराने महिला अस्पताल में शिफ्ट करने की बाधा खत्म हो गई है। पुराने महिला अस्पताल के वार्ड में रखे कबाड़ को बेच दिया गया है। पुराने महिला अस्पताल में वन स्टॉप सेंटर के पीछे वार्ड खाली हो गया है। इसमें महिला अस्पताल का कबाड़ भरा था, जिसे समिति बनाकर निस्तारित कर दिया गया। कबाड़ उठने के बाद टीबी विभाग ने भी डीआरटी सेंटर को शिफ्ट करने के लिए वार्ड की रंगाई-पुताई का कार्य शुरू कर दिया है। टीबी अस्पताल में चल रहे स्पुटम, सीबीनेट, एक्स-रे जांच की मशीनों को भी वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही। वन स्टॉप सेंटर की बिल्डिंग की सफाई के साथ मरम्मत का काम भी तेजी से चल रहा। टीबी के गंभीर (एमडीआर) मरीजों की दवा शुरू करने के लिए डीआरटी वार्ड में भर्ती करके निगरानी की जाती है।